सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 23 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 109, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**सेंसेक्स में 187 अंकों की उछाल**
स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार छठे कारोबारी सत्र में जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 187 अंक और चढ़ गया। } 10

**आलोचकों पर बरसे उपराष्ट्रपति धनखड़**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उच्चतम न्यायालय के आदेश को लेकर की गई अपनी टिप्पणी पर सवाल उठाने वाले आलोचकों पर निशाना साधा। } 12

# पहलगाम में आतंकी हमला, 26 पर्यटकों की मौत




इस जघन्य कृत्य में शामिल लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है तथा यह और भी मजबूत होगा। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। – पीएम मोदी



मैं पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि इस घृणित हमले के पीछे जो लोग हैं, उन्हें सजा मिलेगी। पुलिस महानिदेशक और अन्य सुरक्षा अधिकारियों से उन्होंने बात की है तथा तलाशी अभियान शुरू करने के लिए सेना व पुलिस की टीमें क्षेत्र के लिए रवाना कर दी गई हैं। –एलजी मनोज सिन्हा

## ❍ आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली हमले की जिम्मेदारी ❍ आतंकियों ने नाम पूछकर मारी गोली







एजेंसी

पहलगाम (जम्मू-कश्मीर)। कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट एक प्रसिद्ध घास के मैदान में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि 26 मृतकों में दो विदेशी और दो स्थानीय नागरिक हैं।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस आतंकी हमले को हाल के वर्षों में आम लोगों पर हुए किसी भी हमले से कहीं बड़ौ हमला बताया। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस भारत की यात्रा पर हैं और पर्यटन तथा ट्रैकिंग का सीजन जोर पकड़ रहा है। हमला अपराह्न करीब तीन बजे हुआ। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन घने देवदार के जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश और दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हथियारबंद आतंकवादी मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले घास के मैदान में घुस आए और भोजनालयों के आसपास घूम रहे, खच्चर की सवारी कर रहे, पिकनिक मना रहे पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। कश्मीर घाटी में हुए इस हमले में कम से कम 20 लोग घायल हो गए। पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। अधिकारियों ने कहा कि यह संभव है कि आतंकवादी समूह जम्मू के किश्तवाड़ से दक्षिण ...शेष पृष्ठ 10 पर

### आज घायलों से मुलाकात करेंगे गृहमंत्री अमित शाह



श्रीनगर। गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर पहुंचे और सीधे राजभवन पहुंचे। वहां वह आईबी चीफ और उपराज्यपाल के साथ हाईलेवल मीटिंग कर रहे हैं। इसके बाद वह घायलों से मिलने अस्पताल जाएंगे। जानकारी आ रही है कि कल सुबह पहलगाम जाने का कार्यक्रम है। कश्मीर के पहलगाम में हिंदुओं की हुई लक्षित हत्या के विरोध में मंगलवार शाम को हिंदू संगठनों ने रोष रैली निकाली। कल बुधवार 23 अप्रैल को रियासी पूरी तरह से बंद रखने और चक्का जाम करने की घोषणा हुई है। जम्मू-कश्मीर ...शेष पृष्ठ 10 पर



जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कायरता से पूर्ण अक्षम्य व घोर निंदनीय है। जिन लोगों ने इस दु:खद घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को सद्गति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। आतंकियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा। – सीएम योगी



हमारे आगंतुकों पर यह हमला घृणित है। मैं अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हूं। इस हमले के अपराधी जानवर अमानवीय हैं और घृणा के लायक हैं। इसकी निंदा के लिए कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं तुरंत श्रीनगर वापस लौटूंगा। मृतकों की संख्या पता लगाई जा रही है, इसलिए मैं ज्यादा विवरण नहीं दे सकता। आतंकियों के खात्मे के प्रयास जारी हैं। –मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला

**संक्षेप**

### सड़क जाम करने के आरोप में 60 पर केस

शाहजहांपुर। जिले में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी द्वारा कथित रूप से डंडा मारने से बाइक से गिरी महिला की ट्रक से कुचलकर मौत के बाद सड़क जाम कर हंगामा करने वाले आक्रोशित ग्रामीणों और मृतक के परिजनों समेत 60 लोगों के खिलाफ़ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मंगलवार को बताया कि थाना निगोही में रविवार रात को पुलिस द्वारा चेकिंग के समय बाइक सवार प्रदीप की पत्नी अमरावती (34) की बाइक से गिरकर मौत हो गयी थी जिसके बाद ग्रामीणों ने रोड जाम करके उपद्रव किया था।

### वर्चस्व को लेकर दो पक्ष भिड़े, 40 पर मुकदमा

हापुड़। जिले के सिंभावली क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस मामले में पुलिस ने 40 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर एक नाबालिग लड़के समेत 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सिंभावली थाने के प्रभारी सुमित तोमर ने मंगलवार को बताया कि सैना गांव में सोमवार शाम चुनावी रंजिश और बच्चों के आपसी झगड़े को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गये तथा दोनों ओर से पथराव और फायरिंग भी हुई। इस मामले में 40 नामजद तथा अनेक अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा एक नाबालिग लड़के समेत 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## सिविल सेवा परीक्षा में प्रयागराज की शक्ति दुबे अव्वल

एजेंसी



नयी दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2024 के परिणाम में शक्ति दुबे ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। वहीं, हर्षिता गोयल और डोंगरे अर्चित पराग को द्वितीय एवं तृतीय रैंक मिली है। शीर्ष रैंक प्राप्त करने वाली दुबे ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री में स्नातक (विज्ञान स्नातक) किया है।

आयोग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि दुबे ने राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की। एम.एस. विश्ववद्यालय बड़ौदा से बी.कॉम. स्नातक हर्षिता गोयल ने राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लिया और परीक्षा उत्तीर्ण की। यूपीएससी द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा परिणाम के अनुसार, डोंगरे अर्चित पराग ने वीआईटी, वेल्लोर से इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने वैकल्पिक विषय के रूप में दर्शनशास्त्र लिया था। शाह मार्गी चिराग ने समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की है। कंप्यूटर विज्ञान में बी.टेक की डिग्री रखने वाले आकाश गर्ग ने वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली से इंजीनियरिंग की है। शीर्ष पांच में सफल अभ्यर्थियों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। यूपीएससी द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों का चयन करने के लिए प्रतिवर्ष तीन चरणों - प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार - में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित की जाती है। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2024, पिछले साल 16 जून को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवारों ने लिखित (मुख्य) परीक्षा में बैठने के लिए अर्हता प्राप्त की, जो सितंबर 2024 में आयोजित की गई थी। इनमें से 2,845 उम्मीदवार व्यक्तित्व परीक्षण या साक्षात्कार के लिए उत्तीर्ण हुए, जो इस साल सात जनवरी से 17 अप्रैल के बीच हुआ। इनमें से 1,009 अभ्यर्थियों (725 पुरुष और 284 महिलाएं) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है। आयोग ...शेष पृष्ठ 10 पर

### युवाओं को उद्योग जगत की मांग के अनुरूप बनाया जायेगा दक्ष : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उद्योग जगत की मांग के अनुसार उन्हें विभिन्न ट्रेड में दक्ष बनाया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के इंजीनियरिंग संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किये जाने के सबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही।

सीएम धामी ने कहा कि राज्य के इंजीनियरिंग संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किये जाने के लिए इंफ्रास्टक्चर, योग्य फैकल्टी, आधुनिक लैब और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी इंजीनियरिंग कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं...शेष पृष्ठ 10 पर

## रामदेव की टिप्पणी पर हाईकोर्ट सख्त

### बाबा की शरबत जिहाद टिप्पणी ने अंतरात्मा को झकझोरा : अदालत

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि हमदर्द के रूह अफ़ज़ा पर योग गुरु रामदेव की शरबत जिहाद संबंधी कथित टिप्पणी ने अंतरात्मा को झकझोर दिया और यह बचाव किये जाने योग्य नहीं है। इस पर, योग गुरु ने आश्वासन दिया कि वह संबंधित ऑनलाइन सामग्री को तुरंत हटा लेंगे। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने रामदेव की पतंजलि फूड्स लिमिटेड के खिलाफ हमदर्द नेशनल फाउंडेशन इंडिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा, इसने अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। यह बचाव किये जाने योज्ञ नहीं है। आप (रामदेव के वकील) अपने मुवक्किल से निर्देश लें, अन्यथा कड़ा आदेश दिया जाएगा। अदालत की चेतावनी के बाद, रामदेव के वकील ने कहा कि विवादास्पद टिप्पणियों पर सोशल मीडिया पोस्ट को छोड़कर सभी विज्ञापन, प्रिंट या वीडियो, तुरंत हटा लिए जाएंगे। उच्च न्यायालय ने वकील को रामदेव की ओर से हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा जब मैंने यह (वीडियो) देखा तो मुझे अपनी आंखों पर जरा भी विश्वास नहीं हुआ। आदेश में कहा गया है, प्रतिवादी संख्या-2 ...शेष पृष्ठ 10 पर

### प्रसव के बाद महिला की मौत, तीन डॉक्टरों पर केस

शाहजहांपुर (उप्र)। शाहजहांपुर जिले में अस्पताल में चिकित्सकों की कथित लापरवाही के कारण प्रसव के बाद एक महिला की मौत के मामले में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के उत्तर प्रदेश प्रमुख समेत तीन डॉक्टरों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर पी के अग्रवाल के नेतृत्व में डॉक्टरों के एक दल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करके मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि चारु आहूजा (30) नामक महिला का शहर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## भारत-अमेरिका के बीच मजबूत संबंध : वेंस

### रक्षा, व्यापार व ऊर्जा क्षेत्र में बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं दोनों देश

एजेंसी



जयपुर। भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों की एक दिशादृष्टि पेश करते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने मंगलवार को भारत से अपने बाजारों तक अधिक पहुंच प्रदान करने तथा अमेरिका से ज्यादा ऊर्जा और रक्षा उपकरण खरीदने का आह्वान किया।

वेंस ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका और भारत उच्च प्रौद्योगिकी, रक्षा, व्यापार और ऊर्जा समेत विविध क्षेत्रों में मिलकर बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका साझी प्राथमिकताओं के आधार पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए काम कर रहे है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि इक्कीसवीं सदी का भविष्य भारत और अमेरिका की मजबूती से तय होगा। व्यापार और ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 38.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ 28 सहायक संभागीय परिवहन अफसरों को नोटिस (पृष्ठ–02)
❍ बाबू बनारसी दास विवि में मना विश्व पृथ्वी दिवस (पृष्ठ–02)
❍ दिल्ली में सोना एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार (पृष्ठ–10)
❍ कपड़ा–इस्पात के दिग्गजों से मिलेंगे सीएम साय (पृष्ठ–10)
❍ अटल पेंशन योजना से 1.17 करोड़ अंशधारक जुड़े (पृष्ठ–10)

**विशेष खबर** सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## भारत–सऊदी अरब के बीच व्यापार की असीम संभावनाएं

एजेंसी



जेद्दा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को सऊदी अरब की दो-दिवसीय यात्रा पर जेद्दा पहुंचे, जहां वह दोनों देशों के बीच मित्रता को और मजबूत करने के लिए युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ वार्ता करेंगे। शाह अब्दुल अजीज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचने पर मोदी का स्वागत मक्का क्षेत्र के उप-गवर्नर राजकुमार सऊद बिन मिशाल बिन अब्दुलअजीज और वाणिज्य मंत्री डॉ. माजिद अल-कस्साबी ने किया। यह प्रधानमंत्री की सऊदी अरब की तीसरी तथा ऐतिहासिक तटीय शहर जेद्दा की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर तस्वीरों के साथ पोस्ट कर कहा सऊदी अरब के जेद्दा पहुंच गया हूं। इस यात्रा से भारत और सऊदी अरब के बीच दोस्ती मजबूत होगी। आज और कल विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक हूं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सऊदी अरब को भारत के सबसे मूल्यवान साझेदारों में से एक बताया और इसे एक विश्वसनीय मित्र एवं सहयोगी करार देते हुए कहा कि वर्तमान समय उनके संबंधों के लिए आशाजनक समय है, जिसमें असीमित संभावनाएं हैं। सऊदी अरब की अपनी दो दिवसीय यात्रा से पहले अरब न्यूज को दिए साक्षात्कार में मोदी ने कहा भारत और सऊदी अरब न सिर्फ अपने लिए बल्कि पूरे विश्व की शांति, प्रगति तथा समृद्धि के लिए एक साथ आगे बढ़ते रहेंगे। मोदी ने कहा कि दोनों देश द्विपक्षीय निवेश संधि पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और जीसीसी (खाड़ी सहयोग परिषद) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते में भारत और सऊदी अरब तथा पूरे क्षेत्र के बीच आर्थिक संबंधों को बदलने की क्षमता हैं। रॉयल सऊदी एअरफोर्स के एफ-15 लड़ाकू विमानों ने एक विशेष सम्मान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमान को सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षा प्रदान की। इस कदम को दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आदेश के बावजूद मुआवजा न दिया जाना तकलीफदेह

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मोटर दुर्घटना दावा (एमएसी) न्यायाधिकरणों के आदेश के बावजूद सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिये जाने को तकलीफदेह करार दिया है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने मंगलवार को कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत दावा याचिका दायर करते समय घायलों या क्षतिग्रस्त संपत्ति के मालिकों के नाम और पते, उनके आधार और पैन विवरण और ईमेल आईडी प्रस्तुत किए जाने चाहिए। पीठ ने कहा यदि उपरोक्त विवरण प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो उस आधार पर आवेदन के पंजीकरण को अस्वीकार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन नोटिस जारी करते समय एमएसीटी याचिका कर्ताओं को संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दे सकते हैं और नोटिस जारी किये जाने को लेकर इसके अनुपालन की शर्त रख सकते हैं। पीठ ने कहा कि मुआवज़ा के अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करते हुए एमएसीटी को मुआवजा पाने के हकदार लोगों को अपने बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत करने का आदेश देना चाहिए, साथ ही बैंकर का प्रमाणपत्र जिसमें आईएफएस कोड सहित सभी विवरण प्रस्तुत किए गए हों, या रद्द किए गए चेक की एक प्रति भी प्रस्तुत करनी चाहिए।

संक्षेप

## जेडीयू यूपी इकाई की कार्यकारिणी का गठन

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने मंगलवार को नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया। नई प्रदेश कार्यकारिणी पर सहमति राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद संजय झा और बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री व यूपी प्रभारी श्रवण कुमार दी है।

प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने आशा व्यक्त की है कि नयी कार्यकारिणी का हर सदस्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों का प्रचार प्रसार प्रदेश के कोने कोने मे करते हुए हुए संगठन को नई ऊचाईयां देंगे। प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पार्टी के विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि नयी कार्यकारिणी में प्रदेश के हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय एवं उम्र का प्रतिनिधित्व हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। इस समय यह कार्यकारिणी का गठन इसलिए और महत्वपूर्ण हो गया क्योकि प्रदेश इकाई की बैठकों में ये निर्णय लिया जा चुका है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल के नेतृत्व में प्रदेश में होने वाले सारे चुनाव मजबूती से लड़ेगी।

## धर्मात्मा निषाद के भाई ने ली कांग्रेस की सदस्यता



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के समक्ष महाराजगंज से निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव रहे स्व धर्मात्मा निषाद के भाई परमात्मा निषाद ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने परमात्मा निषाद के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनकर एवं पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करायी एवं उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी।

# 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों व 51 डीलरों को नोटिस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वाहन पंजीकरण व्यवस्था को समयबद्ध, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाए रखने के लिए परिवहन विभाग द्वारा डीलर प्वाइंट पंजीकरण प्रणाली की नियमित समीक्षा की जा रही है। जनवरी से मार्च 2025 के मध्य वाहन 4.0 पोर्टल पर दर्ज डाटा के विश्लेषण से निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की गई ।

- वाहन पंजीकरण प्रणाली में लापरवाही पर बड़ा कदम
- आमजन को सुविधाओं को समयबद्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है योगी सरकार

जांच में पता चला कि कई डीलरों द्वारा बिना पंजीकरण वाहन स्वामियों को वाहन सुपुर्द किए गएए आवश्यक दस्तावेज अपूर्ण या अपठनीय रूप में पोर्टल पर अपलोड किए गए और विभागीय निर्देशो की अनदेखी की गई। इसके अतिरिक्त एआरटीओ कार्यालय स्तर पर फाइलों की उचित निगरानी नहीं की गई, जिसके कारण पंजीकरण फाइलें लंबित रहीं।

### 51 डीलरों को नोटिस

इन लापरवाहियों के आधार पर प्रदेश के 51 डीलरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें राजधानी लखनऊ का एक प्रमुख डीलर भी शामिल है। सभी डीलरों से 14 दिवस के भीतर स्पष्ट व संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करने को कहा गया है, अन्यथा उनके ट्रेड सर्टिफिकेट के निलंबन अथवा निरस्तीकरण की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इन प्रकरणों में संबंधित जिलों के परिवहन कार्यालयों की प्रशासनिक उदासीनता भी उजागर हुई है। कई स्थानों पर एआरटीओ स्तर पर पंजीकरण फाइलों की लंबितता, त्रुटिपूर्ण फाइलों की स्वीकृति अथवा अनुपालन की समीक्षा न करना सामने आया है। इस कारणवश विभाग द्वारा 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप विभाग का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध और निर्बाध सेवा देना है। किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परिवहन आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वाहन पंजीकरण से संबंधित सेवाएं आम नागरिकों से सीधे जुड़ी हैं और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न तो डीलर और न ही विभागीय स्तर पर स्वीकार्य होगी। विभागीय आदेशों के पालन में विफलता को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन स्वामी को समय से आरसी न उपलब्ध कराने पर चला चाबुक

- पंजीकरण से पूर्व ही वाहन की डिलीवरी।
- अपठनीय, अपूर्ण अथवा असंगत दस्तावेजों की बार-बार अपलोडिंग।
- विभाग द्वारा फाइल रिवर्ट करने के बावजूद सुधार न करना।
- वाहन स्वामी को समय से पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) उपलब्ध न कराना

## योजनाओं में लापरवाही स्वीकार्य नहीं : कश्यप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पारदर्शी, समयबद्ध एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं में आधुनिक तकनीकी एवं सामाजिक परिवर्तनों के अनुरूप नवाचार जोड़े जाएं, जिससे वंचित वर्ग, विशेषकर दिव्यांगजन एवं सामाजिक रूप से पिछड़े नागरिक, आत्मनिर्भर बन सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

मंत्री ने यह निर्देश मंगलवार को सचिवालय स्थित कक्ष संख्या-80 में आयोजित दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी ताकि राज्य सरकार द्वारा आवंटित बजट का समुचित और शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री ने कहा कि योजनाओं की व्यापकता बढ़ाने के लिए बजट की मांग पात्र लाभार्थियों की संख्या के आधार पर की जाए। दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभागों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए भेजे गए अधियाचन पत्रों का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए ताकि समय से भर्तियां पूरी हों। उन्होंने विभागीय संवाद, नवाचारों को साझा करने एवं क्रियान्वयन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कर्मचारियों की कार्यशालाएं आयोजित करने के निर्देश दिए। छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान मंत्री कश्यप ने कहा कि कोई भी पात्र छात्र इस योजना से वंचित न रहे, इसके लिए विभाग व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाए। मंत्री कश्यप ने योजनाओं के लाभार्थियों के भौतिक सत्यापन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि इससे योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहेगी और वास्तविक पात्र व्यक्ति ही लाभान्वित होंगे। निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जो कार्य पूर्ण होकर हैंडओवर की स्थिति में हैं, उनकी त्वरित अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए संचालन प्रारंभ कराया जाए। दिव्यांग पेंशन योजना को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी पात्र दिव्यांगजनों को 100 प्रतिशत पेंशन का लाभ दिलाया जाए। सहायक उपकरण, मोटरराईज्ड साइकिल जैसी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक दिव्यांगजनों तक पहुंचेए इस दिशा में सक्रिय प्रयास किए जाएं। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। दिव्यांगजनों के लिए संचालित विद्यालयों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से रिक्त पदों की समयबद्ध पूर्ति के निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि इससे शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की समस्याओं के निस्तारण के लिए चलित न्यायालय (मोबाइल कोर्ट) की व्यवस्था को प्रत्येक माह कम से कम 5 बार अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाए।

- मंत्री ने समीक्षा बैठक में योजनाओं के पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन के दिये सख्त निर्देश
- योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समर्पण के निर्देश

## बीमारी व शादी में किसानों को तत्काल मिले गन्ना मूल्य का भुगतान : चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने निर्देशित किया कि सभी सहकारी गन्ना समितियों में कीटनाशक दवाओं और यूरिया के छिड़काव के लिए किसानों के प्रयोग के लिए एक-एक ड्रोन उपलब्ध कराया जाये। सभी चीनी मिलों को निर्देशित किया जाये कि वे बीमारी और शादी की स्थिति में किसानों को तत्काल गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित करें।

उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री मंगलवार को विधान भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में चीनी उद्योग की स्थाई समिति की बैठक कर रहे थे। बैठक में स्थाई समिति के सभी सदस्यों को स्ट्रीट लाइट एवं हैंडपम्प चीनी मिलों से दिलाने के लिए उद्योग बंधु तथा नकली कीटनाशकों के प्रयोग पर रोकथाम के लिए कृषि विभाग को पत्र लिखा जाये। साथ ही सभी समितियों में सही कीटनाशक की उपलब्धता कराई जाये, जिससे किसानों को नकली कीटनाशकों से निजात मिल सके। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि सभी चीनी मिलें पहले अपने निर्धारित क्षेत्र के किसानों का गन्ना खरीदें। उन्होंने प्रमुख सचिव को निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग से बनाई जा रही गन्ना विभाग की सड़कों की सूची उपलब्ध करायें तथा प्रदेश में प्रेसमड से कंप्रेस्ड बायोगैस के प्लांट लगाने के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जाये। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री ने कहा कि प्रदेश सराकर की जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत विभाग में पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है। चीनी मिलों में घटतौली की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा रहा है। सघन चेकिंग अभियान चलाकर चीनी मिलों पर 74 लाख रुपये की घटतौली का अर्थदंड आरोपित किया गया है और अब तक 30 लाख रुपये की वसूली भी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गन्ना किस्म .0238 का विस्थापन और नई गन्ना किस्मों के आच्छादन को प्राथमिकता दी जा रही है तथा 11 गन्ना किस्मों को क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के अनुसार प्रमोट किया जा रहा है। मंत्री ने गन्ना मूल्य भुगतान पर चर्चा करते हुए कहा कि अब तक 27745.30 करोड़ रुपये अर्थात 82.24 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। शोध परिषद शाहजहांपुर में स्थित टिशू कल्चर लैब की वर्तमान क्षमता 30 हजार पौध प्रतिवर्ष को बढ़ाकर 3 लाख पौध प्रतिवर्ष विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है और इस परियोजना के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

- अब तक 27745.30 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य का हुआ भुगतान
- शाहजहांपुर स्थित टिशू कल्चर लैब की 30 हजार पौध क्षमता को बढ़ाकर 3 लाख पौध क्षमता प्रतिवर्ष किया जायेगा

## बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में मना विश्व पृथ्वी दिवस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** विश्व पृथ्वी दिवस 2025 के उपलक्ष्य में, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज एवं विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के सहयोग से जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थायी प्रथाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक पैनल चर्चा का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस वर्ष की थीम, ₹हमारी शक्ति हमारा ग्रह₹, ने विशेषज्ञों के बीच एक विचारोत्तेजक और व्यावहारिक संवाद के लिए माहौल तैयार किया। यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।

मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) सतीश चंद्र शर्मा, प्रो वाइस चांसलर बीबीडीयू ने अपने संबोधन में स्थायी प्रथाओं के बारे में जागरूकता के बारे में बात की और दर्शकों को संवेदनशील बनाने के लिए कई मुद्दों पर बात की।

इस सत्र में पर्यावरण विशेषज्ञों और वैज्ञानिक दिमागों का एक प्रतिष्ठित पैनल शामिल था। प्रोफेसर (डॉ.) आर. पी. सिंह, बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ ने सतत विकास के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर प्रकाश डाला और ठोस अपशिष्ट उत्पादन को कम करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्व को इंगित किया। डॉ. वी.पी. शर्मा, मुख्य वैज्ञानिक और प्रोफेसर, एसीएसआईआर, सीएसआईआर-आईआईटीआर, लखनऊ ने हरित और स्वच्छ ऊर्जा के रूप में हाइड्रोजन ऊर्जा उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. नीलेश अग्रवाल, सीईओ, अर्थ प्रोटेक्शन ग्रुप, लखनऊ ने ऊर्जा उत्पादन और कचरे को धन में रूपांतरण के माध्यम से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए गैर सरकारी संगठनों और एजेंसियों की भूमिका के बारे में चर्चा की। पैनलिस्टों ने प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता हानि और स्थायी संसाधन प्रबंधन की तत्काल आवश्यकता सहित वर्तमान पर्यावरणीय चुनौतियों पर अपने विशेषज्ञ दृष्टिकोण साझा किए। सभी छात्रों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, प्रासंगिक प्रश्न उठाए और इंटरैक्टिव सत्र के दौरान अभिनव समाधान प्रस्तावित किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव और पर्यावरण संरक्षण के लिए नई प्रतिबद्धता के साथ हुआ। आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. एस. अहमद अली ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विशेषज्ञ पैनलिस्ट और सभी प्रतिभागियों की हार्दिक सराहना की।

## नाकामी छिपाने के लिए वक्फ कानून लेकर आयी भाजपा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में हर वर्ग के साथ उत्पीड़न और अन्याय हो रहा है। दलित समाज पर बड़े पैमाने पर अत्याचार हो रहा है। प्रदेश में हर दिन बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाएं खंडित और अपमानित की जा रही है। प्रभुत्ववादी लोग बाबा साहब का संविधान और बाबा साहब की लोकप्रियता स्वीकार नहीं कर पा रहे है। भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड भाजपा सरकार ने तोड़ दिये है। मुख्यमंत्री का एक करीबी अधिकारी भ्रष्टाचार के मामले को लेकर अंडरग्राउण्ड है। सबको खोज लेने वाली सरकार उसे नहीं खोज पा रही है।

- भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड भाजपा सरकार ने तोड़ दिये : अखिलेश यादव

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में समाजवादी युवजन सभा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार और अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए वक्फ कानून लेकर आयी है। इस कानून के जरिए भाजपा सरकार जमीन छीनना चाहती है। भाजपा छीनने वाली पार्टी है। नोटबंदी कर इसने लोगों का पैसा छीना। पिछड़ों, दलितों से नौकरी में आरक्षण छीना। एंग्लो इंडियन से लोकसभा और विधानसभाओं की आरक्षित सीटें छीन ली। वोटर लिस्ट से वोट डिलीट कर वोट का अधिकार छीनना चाहती है। भाजपा की नजर अब जमीनों पर है। यह भूमाफिया पार्टी है। उन्होंने कहा कि सपा वक्फ कानून के खिलाफ है। विरोध में वोट दिया था।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई रोक पाने में विफल है। महंगाई आसमान पर पहुंच गयी है। सोने की महंगाई ने रिकार्ड तोड़ दिया है। आज गरीब आदमी अपनी बेटी की शादी में सोने का कोई सामान नहीं दे पाएगा। प्रधानमंत्री मेट्रो से लेकर जिन संयंत्रो का उद्घाटन करने आ रहे, वह सब सपा सरकार की देन है। भाजपा सरकार लखनऊ की मेट्रो को एक इंच आगे नहीं बढ़ा पायी। वाराणसी में तो मेट्रो कार्य ही नहीं शुरू कराया। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। यह समाज में नफरत फैलाकर दंगे कराकर राजनीतिक लाभ लेना चाहती है। भाजपा सरकार में पुलिस थानों में पोस्टिंग में भेदभाव होता है। सपा ने थानों, पुलिस स्टेशनों की पोस्टिंग के आंकड़े सरकार की वेबसाइट से निकाल कर जारी किये है। तब से सरकार ने वेबसाइट बंद कर दी और अब थानों के साथ पूरे जिले के पुलिस लाइन के आंकड़ों को मेनुपुलेट कर एक अधिकारी को सफाई देने के लिए आगे कर दिया है। सफाई अधिकारी नहीं खुद मुख्यमंत्री को देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो पावर्टी योजना एक शिगूफा है। सरकार दावा करती है कि प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को और देश में 80 करोड़ लोगों को राशन दे रही है।

## वक्फ सुधार से मुसलमान गरीबों को मिलेगा लाभ : केशव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा की वक्फ सुधार जन-जागरण अभियान के तहत अवध क्षेत्र की कार्यशाला में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही प्रदेश महामंत्री संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर वासित अली तथा अल्पसंख्यक मोर्चे क्षेत्रीय अध्यक्ष नईम खान ने भी कार्यशाला को सम्बोधित किया। कार्यशाला में अवध क्षेत्र के जिलाध्यक्ष, विधायक, अभियान के जिला संयोजक व सहसंयोजक सम्मिलित रहे।

- भाजपा की वक्फ सुधार जन-जागरण अभियान के तहत अवध क्षेत्र की कार्यशाला सम्पन्न

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के संसद में पास होने के बाद देश में बिल के समर्थन व विरोध में बहस चल रही है। कांग्रेस, सपा सहित तमाम वह दल जो तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति करते हैं वह वक्फ सुधार के विरोध में देश में भ्रम फैलाने का काम कर रहे है। कांग्रेस, सपा, टीएमसी, आरजेडी सहित विपक्षी दल वक्फ संशोधन अधिनियम को देश में मुस्लिम विरोधी बिल के रूप में प्रचारित कर रहे है। मौर्य ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम देश के 90 फीसदी मुसलमानों के जीवन को खुशहाली से भर देने वाला साबित होगा। मुसलमान बेरोजगारी के संकट से बाहर निकलेगें। मुसलमानों के शैक्षिक स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि वक्फ सुधार से गरीबों का हक सिर्फ गरीबों को मिलेगा, यह सत्य लेकर हमें मुसलमानों के बीच पहुंचना है। भाजपा मुसलमानों के बीच में जाने की योजना बना रही हैं और यह सुनकर ही विपक्ष में खलबली मची हुई है। भाजपा विरोधी दल देश में दीवार खड़ी करना चाहते हैं, जिसमें हिन्दु और मुसलमानों को विभाजित करना चाहते हैं। विपक्षी दल पहले हिन्दु और मुसलमान को आपस में बांटते हैं और फिर हिन्दुओं को जातियों में बांटने का काम करते है। जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस व सपा ना तो मुसलमान के हितैषी है, ना अगड़ों, ना पिछड़ों और ना ही दलितों की हितैषी है। यह सिर्फ अपने और अपने परिवार की उन्नति के लिए राजनीति करने वाले दल है लेकिन प्रदेश में 2027 में 300 के पार, भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने वाली है। 2027 में सपा को समाप्तवादी पार्टी बनाने का अवसर है। देश का वातावरण खराब करके कांग्रेस राजनैतिक लाभ पाना चाहती है लेकिन अब यह संभव नहीं है। सपा के गुब्बारे की हवा निकल चुकी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यशाला में प्रशिक्षण लेकर हम सभी को जनसंवाद के लिए निकलना है। मुसलमानों के बीच विपक्षी दलों द्वारा फैलाये गये भ्रम को दूर करना है और वक्फ सुधार से मुसलमानों के आर्थिक, शैक्षिक व सामाजिक सुधार के रोड मैप को उनके सामने रखना है।

## मुख्य सचिव ने किया स्मार्ट एनर्जी काउंसिल-ऑस्ट्रेलिया और हिंदुजा समूह के साथ एमओयू

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्मार्ट एनर्जी काउंसिल ऑफ ऑस्ट्रेलिया और हिंदुजा समूह के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह सहयोग प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को अक्षय ऊर्जा निवेश और कुशल कार्यबल विकास के केंद्र में बदलना है। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने 22,000 मेगावाट सौर क्षमता प्राप्त करने के राज्य के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कुशल जनशक्ति विकसित करने के महत्व पर जोर दिया और इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए एक बड़े कुशल कार्यबल की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि स्मार्ट एनर्जी काउंसिल, ऑस्ट्रेलिया का एक अग्रणी संगठन, स्मार्ट ऊर्जा प्रौद्योगिकी और सेवाओं को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है। इसका उद्देश्य अत्याधुनिक समाधान पेश करके और ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच निवेश के अवसरों को सुविधाजनक बनाकर भारत के अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करना है। हिंदुजा समूह अपनी सहायक कंपनी हिंदुजा रिन्यूएबल्स के माध्यम से स्थिरता और आत्मनिर्भरता में भारत के नेतृत्व का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

- यह समझौता अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम
- यूपी को अक्षय ऊर्जा केंद्र में बदलने में आएगी तेजी और भारत के 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने में मिलेगी मदद

हिंदुजा समूह के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. सुनील के. चड्ढा और स्मार्ट एनर्जी काउंसिल के सीईओ जॉन ग्रिम्स ने भी भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण का समर्थन करने और दीर्घकालिक साझेदारी बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह साझेदारी कौशल और प्रशिक्षणए उन्नत सौर प्रौद्योगिकियों के व्यावसायीकरण और सौर आपूर्ति श्रृंखलाओं के विस्तार के माध्यम से भविष्य के अक्षय कार्यबल के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह ऊर्जा क्षेत्र में सतत विकास और नवाचार को बढ़ावा देते हुए हरित हाइड्रोजन और ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों के लिए बाजार के अवसरों का भी पता लगाएगा। समझौता ज्ञापन तय हुआ है कि सौर कौशल विकास कार्यक्रम और प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करना और वितरित करना, उन्नत नवीकरणीय प्रौद्योगिकियों के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और व्यावसायीकरण की सुविधा प्रदान करना, मजबूत सौर और हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखलाएं बनाना, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय निवेश और छात्र विनिमय पहलों का समर्थन करना।

वर्ष 2025 से 2027 तक प्रभावी यह समझौता ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच अक्षय ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने के लिए एक साझा प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। इस साझेदारी से उत्तर प्रदेश को अक्षय ऊर्जा केंद्र में बदलने में तेजी आने की उम्मीद है और 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस अवसर पर एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, यूपी रिन्यूएबल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के एमडी अनुपम शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कंपनियों के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

## विशेषज्ञ अग्निशमन अधिकारियों की शीघ्र हो भर्ती : मनोज कुमार

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि संस्थान में आग से बचाव के समुचित प्रबंध होने चाहिये। आग से बचाव के लिए स्थापित सभी उपकरण क्रियाशील रहे। उन्होंने आग लगने की घटनायें न हो, इसके लिए अधिक ठोस अग्नि सुरक्षा मानदंड बनाने और आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ अग्निशमन अधिकारियों की भर्ती करने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव मंगलवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान की 102वीं शासी निकाय की बैठक कर रहे थे। शासी निकाय ने 68वें अकादमिक बोर्ड की कार्यवृत्त और अनुशंसा को मंजूरी दी और विभिन्न विभागों में पीडीसीसी (पोस्ट डॉक्टोरल सर्टिफिकेट कोर्स) और पीडीएएफ (पोस्ट डॉक्टोरल एडवांस फेलो) के छह नए पाठ्यक्रमों को अनुमति दी। शासी निकाय ने संस्थान में प्रतिनियुक्ति पर तैनात प्रांतीय स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा (पीएचएमएस) डॉक्टरों के लिए आपातकालीन देखभाल में सर्टिफिकेट कोर्स प्रदान करने की भी अनुमति दी। इसके अलावा विभिन्न स्पेशियलिटी और सुपर स्पेशियलिटी विभागों में 368 संकाय पदों के वितरण को भी शासी निकाय ने मंजूरी दी, जिससे नवीन पदों के सृजन के साथ-साथ रोगी देखभाल और अनुसंधान कार्य में भी मदद मिलेगी। इसी क्रम में शासी निकाय द्वारा संस्थान परिसर में बहुस्तरीय पार्किंग के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई। यह पीजीआई परिसर में पार्किंग की समस्या को हल करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा, जो स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ संस्थान आने वाले रोगियों के लिए सुरक्षित पार्किंग सुविधा प्रदान करेगा। शासी निकाय ने उत्तर प्रदेश सरकार के नियमों के अनुसार, एम्स, नई दिल्ली की तरह 40 प्रतिशत प्रोफेसरों को उच्च प्रशासनिक ग्रेड स्केल (स्तर-15) को मंजूरी दी।

संक्षेप

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज बुधवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र आयेंगे। वह दिन में पौने तीन बजे भंवरी गांव में हाल ही में गैस रिसाव मे मृतक अशोक के परिजनों से मुलाकात करेंगे। सायं पांच बजे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। इसके पहले वह दिन में ढाई बजे ननौती व सवा तीन बजे मंगापुर में भी लोगों से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## दुर्घटना में युवक की मौत, तीन घायल

शोहरतगढ़/ सिद्धार्थनगर- चिल्हिया थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। परसिया गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा में सवार रमेश यादव (27) की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य युवक सूरज, संजय उर्फ हजारी और हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चारों युवक करमा गांव के निवासी बताये जा रहे है। घटना उस समय हुई जब चारों युवक करमा गांव की एक लड़की का तिलक समारोह कर कनुवाडीह गांव से वापस लौट रहे थे। हादसा परसिया गांव के पास बाईपास निर्माण स्थल के निकट हुआ। शोहरतगढ़ की ओर से आ रही बोलेरो ने ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। चिल्हिया थाना प्रभारी रामदेव के अनुसार पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है। मृतक के परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिद्धार्थनगर भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मंगेतर से मिलने पहुंचा युवक, ग्रामीणों ने पकड़कर पीटा

सिद्धार्थनगरः यूपी के सिद्धार्थनगर जिले में एक अनोखी घटना सामने आई है. जहां एक युवक को अपनी होने वाली मंगेतर से मिलना भारी पड़ गया. पथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी से पहले अपनी होने वाली पत्नी से मिलने पहुंचे युवक को ग्रामीणों ने चोर समझ कर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी. बस इतना ही नहीं पिटाई के बाद ग्रामीणों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया. यह घटना शुक्रवार की देर रात हुई. इसके बाद घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गई है !

## वितरित किये गये अंक पत्र, बच्चों के चेहरे खिले

पथरा बाजार सिद्धार्थ नगरमंगलवार 22 अप्रैल को तहसील क्षेत्र के आर,आर ,एस,एस एम ,पब्लिक स्कूल भग्गोभार में गत वर्ष उत्तीर्ण हुए छात्रों का अंक पत्र वितरण किया गया। विद्यालय के प्रबंधक शिवशंकर मिश्र तथा विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की उपस्थित में मेधावी छात्रों एवं छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उन्हें मेडल देकर पुरस्कृत करके उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे इस विषय में प्रबंधक शिवशंकर मिश्र ने कहा उत्कृष्ट शिक्षा देना हमारे विद्यालय का लक्ष्य है। पुरस्कार से बच्चों की मनोवृत्ति पढ़ने के प्रति बढ़ती है हम सभी छात्रों एवं छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं इस दौरान राकेश मौर्य, धीरज पाठक, दीपनारायण गुप्ता राजेन्द्र प्रसाद शमशाद प्रवीण पांडे हरीश पाठक बसंत चौधरी के अलावा अन्य अभिभावक व अध्यापकों की उपस्थिति रही।

## अपहरण का फरार आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर- पुलिस ने एक अपहरण के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिश्रौलिया थाना पुलिस ने बिहार के गोपालगंज जिले के रहने वाले शेर मोहम्मद गद्दी उर्फ मैराज को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने अपहरण के एक आरोपी को गिरफ्तार किया जो वांछित चल रहा था। पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभेंदु सिंह के निर्देशन में ये करवाई की गई। यह कार्रवाई की गई। थाना मिश्रौलिया में दर्ज मुकदमा संख्या 59/2025 धारा 87,137(2) बीएनएस के तहत आरोपी की गिरफ्तारी हुई। आरोपी लाक्षपुर टोला तकिया बारी, थाना गोपालपुर का निवासी है।

# शक्ति दुबे बिना कोचिंग बनीं यूपीएससी टॉपर

## पिता देवेंद्र दुबे ने किया बड़ा दावा बेटी की उपलब्धि पर जताया हर्ष

**प्रयागराज।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रयागराज जिले की शक्ति दुबे के पिता ने मंगलवार को कहा कि उनकी बेटी ने बिना कोचिंग के यह सफलता हासिल की है। जिले के यमुना नगर के नैनी थाना क्षेत्र में मामा-भांजा तालाब के पास रहने वाली शक्ति दुबे के पिता देवेंद्र दुबे ने संवाददाताओं को बताया कि मेरी बेटी ने यहीं पास के एसएमसी घूरपुर स्कूल से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई की और फिर इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी में टॉप किया। उत्तर प्रदेश पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत देवेंद्र दुबे ने कहा कि स्नातक की पढ़ाई के बाद बेटी ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय से एमएससी की पढ़ाई की और वहां भी उसने टॉप किया। उसने कहीं कोचिंग नहीं ली। हमने उसे कोचिंग के लिए दिल्ली भेजा था, लेकिन कोरोना आने पर वह घर वापस आ गई। शक्ति दुबे की मां प्रेमा देवी ने बताया कि उनकी बेटी ने सिविल सेवा की परीक्षा में टॉप किया, यह सुनकर उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ और भगवान की कृपा से यह सब हुआ। शक्ति अभी दिल्ली में है और जल्द ही वापस लौटेंगी। यूपीएससी के अनुसार, शीर्ष रैंक प्राप्त करने वाली शक्ति दुबे ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री में स्नातक (विज्ञान स्नातक) किया है। दुबे ने राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की।

## तीन मंजिला भवन में लगी आग, एक मजदूर की मौत, दो घायल

गाजियाबाद। जिले के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में एक तीन मंजिला मकान में आग लगने से एक मजदूर की जलकर मौत हो गयी और दो अन्य झुलस गए। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर रात लोनी की शांति नगर कॉलोनी में तीन मंजिला मकान में आग लगने से एक मजदूर की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। अंकुर विहार के सहायक पुलिस आयुक्त अजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान निडोरा रोड स्थित नई बस्ती निवासी मुशीर उर्फ रेहान (24) के रूप में हुई है। गंभीर रूप से झुलसे मोहम्मद शाद (21) और सरफराज (22) को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार, आग सोमवार रात करीब 10 बजे इस भवन की पहली मंजिल पर स्थित एक कमरे में लगी, जहां अवैध रूप से पटाखे रखे गए थे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने दमकल गाड़ियों के पहुंचने से पहले ही सबमर्सिबल पंपों से पानी डालकर आग पर काबू पा लिया था, इसलिए दमकल गाड़ियों को वापस बुला लिया गया। फोरेंसिक टीम ने उस कमरे से सबूत एकत्र किए हैं, जहां पटाखे रखे गए थे। उसने घर के मालिक धर्मवीर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## युवकों ने आवासीय सोसायटी के सुरक्षा अधिकारी को पीटा, दो गिरफ्तार

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थानाक्षेत्र में बिना स्टीकर की गाड़ी को आवासीय सोसायटी में प्रवेश करने से मना करने पर चार लड़कों ने कथित रूप से उसके सुरक्षा अधिकारी के साथ मारपीट एवं गाली-गलौज की जिसके बाद उनमें से दो को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने प्राप्त शिकायत के हवाले से बताया कि 11 अप्रैल की रात करीब 12 बजे जब सचिन राठी आम्रपाली लेजर वैली सोसायटी में सुरक्षा ड्यूटी पर थे, तभी एक कार से चार लड़के आए जो उसी सोसाइटी में रहते थे। चूंकि उनकी गाड़ी पर सोसायटी का स्टीकर नहीं लगा था, इस वजह से गार्ड ने उनकी गाड़ी रोक दी। इस बात से नाराज युवक गार्ड और अन्य लोगों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य गार्ड जब मौके पर पहुंचे तो ये लोग जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस ने इंडो नेपाल बॉर्डर के गांव में की पैदल गश्त



बलरामपुर। क्षेत्राधिकारी ललिया डॉ जितेन्द्र कुमार द्वारा थाना दुर्विजय सिंह व प्रभारी थाना हरैय्या मय पुलिस टीम के साथ ऑपरेशन कवच* के अन्तर्गत इण्डो- नेपाल बार्डर से सटे हुए थाना हरैय्या क्षेत्रांतर्गत ग्राम हरैया सतघरवा के ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों, ग्राम प्रधान, सेवानिवृत सरकारी कर्मचारियों, कोटेदार, रोजगार सेवक आदि की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में अपराधिक एवं अवैध गतिविधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रोकथाम हेतु बैठक की गई। इस बैठक में ग्राम सुरक्षा समिति, सम्भ्रान्त व्यक्तियों को नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु सीमा से सटे गाँवों में मादक पदार्थों की तस्करी ,मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें हेतु अपील की गई, जिससे पुलिस द्वारा तत्काल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके । तत्पश्चात पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से बॉर्डर से सटे गांव में फुट पेट्रोलिंग कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

## सड़क पर जलजमाव से लोगों का पैदल चलना दूभर

गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 24 से जुड़ा लिंक मार्ग मझगांवा अतायर गडही मार्ग पर राधिका महाविद्यालय के पास कुछ लोगों द्वारा नाबदान व शौचालय का पानी सड़क पर बहाया जा रहा है जो लगभग,6 महीने से बह रहा है स्कूल प्रबंधन ने इसकी शिकायत की लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला बल्कि गन्दा पानी और तेजी से सड़कों पर बहने लगा उच्चाधिकारी महज कोरा आश्वासन देते रहे लेकिन जल निकासी के बारे में कोई सार्थक पहल नहीं की गयी।

## एसपी ने किया भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा पहुंचकर आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों के मेडिकल परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने चिकित्सकों की गठित टीम व ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि मेडिकल परीक्षण व सत्यापन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गड़बड़ी न होने पाए। जनपद श्रावस्ती में भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 25 अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण व चरित्र सत्यापन किया जाना है, जिसमें 23 पुरुष एवं 2 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। अभ्यर्थियों के लिए जलपान आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। एसपी श्री चौरसिया ने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया और सभी संबंधित अधिकारियों से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने की अपील की।

# फरियादियों की शिकायत पर करें त्वरित कार्रवाई

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं



जिला संवाददाता (vol)

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने आज कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में आमजन की समस्याएं और शिकायतें सुनीं।

इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन कर समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी को कुल 11 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का शीघ्रता से समाधान कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित प्रकरणों में समुचित और शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर निस्तारण की प्रक्रिया में लेटलतीफी न हो और फरियादियों से समुचित समन्वय स्थापित करते हुए विभागीय कार्रवाई पूरी की जाए। साथ ही, अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि समाधान के उपरांत उन्हें भी अवगत कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि जन समस्याओं के प्रति प्रशासन की जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहे।

# 10 से 12 के बीच सुनें जनता की शिकायतें

बलरामपुर। जनमानस की शिकायतों समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं अधिकारियों कर्मचारियों की समय से कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने को डीएम पवन अग्रवाल द्वारा लगभग पूर्वान्ह 10.00 बजे से 10.25 बजे के मध्य वीडियो कॉल के माध्यम से जनपद स्तरीय, ब्लॉक एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति चेक की गई। जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, उपजिलाधिकारी उतरौला, सुश्री पल्लवी सचान, खण्ड विकास अधिकारी श्रीदत्तगंज अपने कार्यालय में उपस्थित मिले। जबकि जिला विकास अधिकारी , परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण , जिला कृषि अधिकारी , उपनिदेशक कृषि , जिला विद्यालय

- डीएम ने प्रातः 10 बजे वीडियो कॉल के माध्यम से चेक की अधिकारियों की कार्यालय में उपस्थिति

निरीक्षक , उपजिलाधिकारी तुलसीपुर, खण्ड विकास अधिकारी , खण्ड विकास अधिकारी हरैया सतघरवा, खण्ड विकास अधिकारी गैसड़ी व खण्ड विकास अधिकारी गैड़ासबुजुर्ग कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। डीएम द्वारा पूर्व में स्पष्ट निर्देश दिये गये थे कि समस्त कार्यालयाध्यक्ष ससमय अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता दर्शन एवं जनसमस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करेंगे । वीडियो कॉल के माध्यम से अनुपस्थित अधिकारियो को अपना लिखित स्पष्टीकरण तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिया। संतोषजनक जवाब न मिलने पर संबंधित अधिकारियों केविरूद्ध नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जाएगी। डीएम ने कहा कि जनमानस की शिकायतों समस्याओं का निस्तारण शीर्ष प्राथमिकता हैं। सभी अधिकारी प्रातः 10 बजे से 12 बजे कार्यालय में उपस्थित रहकर जनमानस की शिकायतों समस्याओं को सुनकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करेंगे , लापरवाही पर सम्बंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## भक्त प्रहलाद की कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु



प्रतापगढ़। उदयपुर क्षेत्र के राहाटीकर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में कथाव्यास ने भक्त प्रहलाद के चरित्र की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथाव्यास आचार्य संतोष जी महराज ने बताया कि हिरण्य कश्यप नामक दैत्य ने अपने घोर तप से ब्रम्हाजी को प्रसन्न कर यह वरदान प्राप्त किया कि वह न दिन न रात न घर के अंदर न बाहर मर सके। उसे न कोई हथियार काट सके और न ही आग जला सके। वह न पानी में भी डूबकर न मरे। हिरण्य कश्यप का पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त था लेकिन हिरण्य कश्यप भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानता था। आचार्य ने बताया कि अपने पिता के तमाम अत्याचारों के बावजूद प्रहलाद ने भगवान नारायण के प्रति अपनी भक्ति को डिगने नही दिया। इससे प्रसन्न होकर भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्य कश्यप का वध किया। कथाव्यास ने बताया कि श्रीमदभागवत कथा वह अमृत है जिसका चाहे जितना पान किया जाय लेकिन तृप्ति नहीं होती है। कथा के दौरान राधाकृष्ण संकीर्तन में भी श्रद्धालु रमे दिखे। मुख्य आयोजक जगदीश नारायण मिश्र व विमला मिश्रा ने रोली चंदन अक्षत से व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन अर्चन किया।

# डीएम ने वृहद गौशाला महरिया का किया निरीक्षण

## गौशाला में मिली खामियों पर भड़के डीएम



सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने वृहद गौशाला महरिया का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण डीएम ने गौशाला में 117 गौवंश संरक्षित रही । जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देश दिया कि हरा चारा, पीने केलिए पानी की व्यवस्था तथा साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। नाद में पानी न आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी उसका बाजार को दूरभाष के माध्यम से निर्देश दिया कि इसे तत्कलाल ठीक कराये। इस हेतु जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को भी वृहद गौशाला का निरीक्षण करते रहने का निर्देश दिया गया। गौशाला में मिले खामियों कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी डा 0 राजा गणपति आर 0 ने ग्राम पंचायत सचिव मनोज पटेल पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दिया गया।

# लू को लेकर येलो अलर्ट

## 25 अप्रैल तक हीटवेव की चेतावनी

इटावा। मौसम विभाग ने हीटवेव को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग और राज्य मौसम पूर्वानुमान केंद्र, लखनऊ के अनुसार मंगलवार 22 से 25 अप्रैल 2025 तक लू चलने की संभावना है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी अवनीश दुबे ने कहा कि लू से तापमान सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है। इससे शरीर पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच गर्मी का असर सबसे ज्यादा होता है। इस दौरान डिहाइड्रेशन, चक्कर और ऐंठन की समस्या हो सकती है। प्रशासन ने नागरिकों को कई सावधानियां बरतने की सलाह दी है। दोपहर में धूप से बचें। हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें। सिर को टोपी या छाते से ढकें। पानी खूब पीएं। सफर में पानी साथ रखें। ओआरएस, नींबू पानी, नारियल पानी, लस्सी या आम पन्ना पिएं। घर को ठंडा रखने के लिए रात में खिड़कियां खुली रखें। दिन में पर्दों का इस्तेमाल करें। मौसम की जानकारी के लिए रेडियो, टीवी या अखबार देखते रहें। तबीयत खराब होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रमुख स्थानों पर पैंफलेट बांटे जा रहे हैं। पोस्टर और मुनादी के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## सादुल्लानगर पुलिस ने वाणिज्य प्रतिष्ठानों के स्वामियों व संचालकों के साथ की बैठक



बलरामपुर। थाना सादुल्लानगर परिसर में सरार्फा व्यापारी, पेट्रोल पम्प मालिक, ग्राम प्रधान एवं ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों के साथ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में अपराधिक एवं अवैध गतिविधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रोकथाम हेतु बैठक की गई। इस दौरान मीटिंग में उपस्थित सभी आगन्तुकगण से सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धी वार्ता की गई तथा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें हेतु अपील की गई, जिससे पुलिस द्वारा तत्काल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगा सके । थाना प्रभारी निरीक्षक द्वारा मीटिंग में हॉटस्पॉट क्षेत्रों की जानकारी करते हुए सुरक्षा से संबंधित वार्ता कर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु सभी से अपील की गई

## चौदह प्रत्याशियों ने किया धूमधाम से नामांकन

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नामांकन के दूसरे दिन मंगलवार को अध्यक्ष पद समेत विभिन्न पदो पर चौदह अधिवक्ताओं ने धूमधाम से नामांकन किया। गाजेबाजे के बीच समर्थकों संग उम्मीदवार चुनाव समिति के कार्यालय लाइब्रेरी हाल पहुंचते दिखे। अध्यक्ष पद पर संतोष कुमार पाण्डेय ने चुनाव समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र के समक्ष नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। वही उपाध्यक्ष पद पर आशीष कुमार तिवारी व राजेश कुमार द्विवेदी तथा महामंत्री पद पर अरविन्द पाण्डेय तपन, देवेन्द्र कुमार तिवारी, संतोष कुमार सरोज, राजेश कुमार पाल व हरिश्चंद्र पाण्डेय ने नामांकन दाखिल किया। वहीं सह मंत्री पद पर अभिषेक शुक्ल व सुरेन्द्र कुमार कोरी तथा कोषाध्यक्ष पद पर हरिनारायण पाण्डेय एवं सदस्य कार्यकारिणी पद पर नवनीत पाण्डेय, अतुल तिवारी, दुर्गेशमणि तिवारी ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। चुनाव समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि आज नामांकन के अंतिम दिन बुधवार को प्रातः दस बजे से अपरान्ह तीन बजे तक नामांकन किये जा सकेंगे। समिति के महामंत्री विकास मिश्र ने बताया कि चौबीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इस मौके पर शिवाकांत उपाध्याय, वीरेन्द्र सिंह, कमलेश तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद विश्वकर्मा, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, रमेश पाण्डेय, इरफान, घनश्याम सरोज मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में गोली से घायल बदमाश के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज

प्रतापगढ़। दुस्साहसिक बदमाश के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा मुठभेड समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाल नीरज यादव की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार की देर रात मुठभेड के आरोपी लालगंज कोतवाली के कोला का वन निवासी सलमान पुत्र अब्दुल हमदी तथा एक अन्य बदमाश के खिलाफ हत्या के प्रयास व पुलिस मुठभेड समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। इधर मुठभेड में पुलिस द्वारा दबोचे गये बदमाश सलमान का बुधवार को प्रयागराज मेडिकल कालेज मे पुलिस अभिरक्षा में इलाज जारी बताया गया। बतादें लालगंज कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की देर रात सराय रायजू गांव के समीप जंगल में घेराबंदी कर बदमाशों को ललकारा। इस पर घायल सलमान ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस की जबाबी फायरिंग में सलमान के पैर में गोली लग गयी। आननफानन में उसे पुलिस ट्रामा सेण्टर ले आयी। यहां से चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से देर रात गोली से चुटहिल सलमान को प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

## 42 लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

बांसी सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील थाना क्षेत्र के समोगरा गांव में राजस्व विभाग व पुलिस टीम पर हुए जानलेवा हमले के बाद 42 लोगो के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमा के बाद से ही पूरे गांव में भय का माहौल है। कोई किसी से न तो बात करने को तैयार है और न ही घटना के बाबत कुछ बताने को तैयार है। घटना की जानकारी होने के बाद मंगलवार को सपा जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल पहले समोगरा गांव पहुंचा और वहां लोगो से घटना की जानकारी लेने के बाद एस डी एम बांसी शशांक शेखर राय के पहुंचा और समोगरा के लोगो के साथ हो रही उत्पीड़न की कार्यवाही की निंदा किया। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि एक दलित व्यक्ति अपनी भूमि में बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर रहा था। जिसे एक भाजपा कार्यकर्ता के कहने पर जबरन हटा दिया गया विरोध करने पर महिलाओं को लाठियों से पीटा गया और अब उनके खिलाफ उत्पीड़न की कार्यवाही किया जा रहा है जिसका हम सब विरोध कर रहे है। प्रतिनिधि मंडल ने एस डी एम से ग्रामीणों के साथ हो रही उत्पीड़न की कार्यवाही पर रोक लगाते हुए मुकदमा वापस लेने तथा एक सप्ताह में बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग किया साथ ही चेतावनी दिया कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करेगी। पूर्व विधायक विजय पासवान ने कहा कि अभी कुछ दिनों पूर्व बाबा साहब के जन्म दिन पर भाजपा गांव गांव उत्सव मना रही जो सिर्फ दिखावा है। इनका असली रूप समोगरा गांव में देखने को मिल गया। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व सपा प्रत्याशी मोनू दूबे, राम मिलन भारती सहित सपा व सपा आंबेडकर वाहिनी के पदाधिकारी शामिल थे।

## उरुवा चेयरमैन के साथ मारपीट, चार पर एससीएसटी के तहत मुकदमा दर्ज

उरुवा, गोरखपुर। उरुवा थाना क्षेत्र के अमोढ़ा में सोमवार की देर शाम नगर उरुवा के चेयरमैन रामफेर कन्नौजिया से कहासुनी के बाद कुछ युवकों ने मारपीट की। घटना के बाद चेयरमैन ने पुलिस को तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई। इस मामले में पुलिस चार युवकों के विरुद्ध मारपीट और एससीएसटी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। घटना के बाबत चेयरमैन ने दी गई तहरीर में बताया कि वह गांव में ही एक शादी समारोह में गए थे। जहां पर कुछ युवक उनसे उलझ गए। और मारपीट करने लगे। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया। इस मामले में पुलिस बृजेंद्र पाल सिंह, अमरेश सिंह, अरुण सिंह और जय सिंह निवासी टांडी थाना सिकरीगंज के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच कर रही है। इस बाबत थाना प्रभारी निरीक्षक श्यामदेव चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खिड़की के रास्ते घुसे चोर 10 लाख के नगदी व जेवरात चोरी

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के गंभीरपुर निवासी महेश सिंह ने गगहा पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि रोज की भांति महेश सिंह की मां व छोटे भाई की औरत भोजन कर अपने अपने कमरे में सोने चली गयी और वह खुद बरामदे में सो गया रात 11 बजे तक परिजन जगे रहे लेकिन रात में खिड़की बन्द करना भूल गये और सो गये उसी रास्ते चोर घुस आए और जिस कमरे में महेश सिंह के भाई की औरत सोयी थी उस कमरे को बाहर से बन्द कर घर में रखा आलमारी तोड़कर लगभग 10 लाख के जेवर चुरा कर फरार हो गए सुबह चार बजे महेश की मां जगी तो खिड़की खुला और कमरे में सामान विखरा देख चोरी होने की जानकारी हुई फिर बहू का दरवाजे व मेन दरवाजे की कुंडी खोली तब बहू व बड़ा पुत्र बाहर निकले और घर मे सामान विखरा देख दंग रह गये। महेश सिंह ने गगहा थाने पर लिखित तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अपर निदेशक ने किया पिपरौली सीएचसी का औचक निरीक्षण

पिपरौली, गोरखपुर। पिपरौली सीएचसी का अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा जयंत कुमार द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें उनके द्वारा पीकू, इंसेफेलाइटिस, एस वाई वार्ड, फार्मासिस्ट स्टोर , लैब इत्यादि का निरीक्षण किया गया। जिसमें लैब के निरीक्षण के दौरान वहां अपार गंदगी पाई गई। जिस पर उन्होंने सख्त चेतावनी दी की अगली विजिट तक इसमें सुधार हो जाना चाहिए इसके साथ ही उन्होंने पूरे सीएचसी परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बात करके उनका हाल भी जाना।

# बख्शें न जायें आतंकी

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सऊदी अरब की यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आतंकी हमले में मारे गये लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्था होने की कामना की। आतंकवाद से लड़के के प्रति अपने अटल संकल्प को दोहराया और आतंकियों को न्याय के कटघरे में खड़ा करने की बात भी कही। जब अपने नागरिकों का नरसंहार हुआ हो, देश की संप्रभुता, स्वाभिमान और अर्थव्यवस्था को निशाना बनाया गया हो, तब देश के प्रधानमंत्री से इस तरह की औपचारिक प्रतिक्रिया के बजाय ठोस आश्वासन की उम्मीद थी। दरअसल आतंकवाद ऐसे ही औपचारिक और कानूनी तौर तरीकों के कारण ही पनपता है। आखिर दुनिया भर में महाशक्ति का वितंडा पीटने का क्या मतलब है जब देश में नागरिक सुरक्षित न हों। आज कश्मीर में आतंकवाद इसलिए है कि पठानकोट, उरी और पुलवामा के गुनहगार पाकिस्तान में जिंदा हैं और मौज से हैं। बालाकोट एयर स्ट्राइक का असर कम और प्रचार ज्यादा हुआ। इसे सियासी टूल के तौर पर इस्तेमाल किया गया। पहलगाम हमला दरअसल हमारी डींग हांकने का नतीजा है। आतंकियों के आका



पाकिस्तान में बैठकर साजिशों को अंजाम देते हैं, देश में खून खराबा करते हैं और हमारी प्रतिक्रिया कूटनीतिक औपचारिकता तक सीमित रहती है। पहलगाम आतंकी नरसंहार में अभी तक 27 पर्यटक मारे गये हैं। 20 से अधिक घायल हुए हैं। मृतकों में एक इजराइली और एक इटली का नागरिक भी बताया जा रहा है। घायलों में कई की हालत गंभीर है। यह हमला पहलगाम के बैसरन में हुआ जहां चार आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर इस नरसंहार को अंजाम दिया। पहलगाम नरसंहार के बाद अगर कश्मीर में आतंकवाद का नामोनिशान बचता है, तो यह भारत सरकार की विफलता होगी। आतंकी जहां हैं वहीं मार डालो। यह देश की सुरक्षा का सवाल है। कश्मीर में लोकतंत्र, विकास, लोगों के दिलों को जीतने जैसी नौटंकियां बहुत हो गयीं। सीधे-सीधे सैन्य प्रहार कर आतंकियों को मारा जाये और कश्मीर घाटी में कम से कम आधी आबादी हिन्दुओं की हो, ऐसी डेमोग्राफी विकसित की जाये। कश्मीर में शांति वार्ता, लोकतंत्र, विकास और इस तरह के टोटकों से शांति नहीं आयेगी। शांति के लिए लफ्फाजी नहीं साहस दिखाना होगा। ठीक उसी तरह जैसे इजराइल करता है। अगर पाकिस्तान में भारत के दुश्मन जिंदा रहते हैं और संरक्षण पाते हैं, तो यह सीधे-सीधे हमारी विफलता और कमजोरी होगी। आखिर पाकिस्तान के पास यह हिम्मत कैसी आती है कि वह भारत के दुश्मनों को पनाह दे। जाहिर है कि उसे यह भरोसा है कि भारत कुछ कर नहीं पायेगा। अगर आज पाकिस्तान को स्पष्ट कर दिया जाये कि एक सप्ताह में हमारे दुश्मनों को सौंपा जाये अन्यथा युद्ध झेलिए, तो पाकिस्तान की यह हैसियत नहीं है कि वह बचा पायेगा। लेकिन पाकिस्तान आश्वस्त रहता है कि भारत में आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई कम और सियासत ज्यादा होगी। देश में यही हो रहा है। एक तरफ आतंकी नरसंहार कर रहे हैं और दूसरी तरफ उनको न्याय के कटघरे में खड़ा करने की बात हो रही है। दरअसल इससे आतंकियों का हौसला बढ़ता है। आतंकवादी सिर्फ आतंक की भाषा समझते हैं। अगर देश को सुरक्षित रहना है। अपने नागरिकों की जीवन रक्षा करनी है, कश्मीर से आतंक को खत्म करना है, तो इतना प्रहार करो कि आतंकी खुद आतंकित हो जायें। पहले आतंकियों को मारो और फिर इनके साजिशकर्ताओं को। जो नैतिक या राजनीतिक समर्थन आतंकियों का करते हैं, उनका दिमाग भी दुरुस्त करो। फिलहाल आतंकवाद से सुरक्षा सिर्फ में है कि आतंकियों को जहां हैं वहीं मार डालो। आतंकवाद के पनाहगाहों को नष्ट कर दें और कोई दुश्मन देश हमारे दुश्मनों को संरक्षण दे रहा हो, मदद करता हो, किसी भी तरह का समर्थन करता हो, तो उसका भी दिमाग दुरुस्त करो। अगर पहलगाम नरसंहार का सियासीकरण हुआ, सरकार या विपक्ष ने इसे सियासी हानि-लाभ के नजरिए से देखा, तो इससे आतंकियों को हौसला मिलेगा। इसलिए पूरा देश एकजुट होकर आतंकवाद पर प्रहार करे। आतंकी जहां हों वहीं मार डालो, इनके समर्थकों, शरणदाताओं को भी सबक सिखाओ। यही तरीका है आतंकवाद खत्म करने का।

# बांग्लादेश को बदहाल कर देंगे मो.यूनुस



संजय श्रीवास्तव

> यूनुस को पद्मा नदी में डुबो दो, जब उनकी सांस टूटने लगे तब उन्हें वापस खींच लो, ताकि उन्हें सबक मिले। शेख हसीना का यह कथन भले अतिरेकी हो पर यह सच है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस जिस तरह के फैसले ले रहे हैं वह बताता है कि वे परिपक्व और व्यावहारिक नहीं हैं। उनका यह नौसिखियापन बांग्लादेश को डुबा देगा। बेहतर है कि वहां शीघ्र चुनाव हों और समझदार राजनीतिज्ञ को सत्ता का प्रमुख बनाया जाये।

बांग्लादेश में आम चुनावों के लिये साल के आखिर या अगले साल की शुरूआत तक इंतजार करना अब ठीक नहीं लगता। बेहतर होगा कि अगले तीन महीने में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर इसी साल अगस्त तक जनता द्वारा चुने किसी नेता को देश की सत्ता सौंप दी जाये। कार्यवाहक सत्ता प्रमुख मोहम्मद यूनुस यदि साल भर और इस पद पर बने रहे तो बांग्लादेश का जो नुकसान होगा उसकी भरपाई दशकों में नहीं हो पाएगी। संभव है देश बर्बादी के उस रास्ते पर बढ़ जाए जहां से वापसी असंभव हो जाये। शेख हसीना ने एक बार अपने राजनीतिक बयान में यूनुस को राजनीति के लिए एक खतरा बताते हुए कहा था कि, राजनीति में नौसिखिए अक्सर खतरनाक साबित होते हैं। उन्हें शक की निगाह से देखा जाना चाहिए क्योंकि ये देश को फायदा पहुंचाने कि बजाए अमूमन बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। शेख हसीना की यह बात भले ही संकुचित सोच के साथ कही हो पर व्यापक अर्थों में बहुत बार सही पाई गई है। जो राजनेता जनता के बीच जमीनी स्तर पर काम करते हुए चुनकर नहीं आते और ऐसे पदों पर मनोनीत हो जाते हैं जो निर्णायक होते हैं, वे देश समाज के लिये घातक साबित होते हैं। उनके निर्णयों में दूरदर्शिता, राजनीतिक सूझबूझ का अभाव होता है और अधिकतर फैसले अपनी भावनात्मक, मनमानी से भरे, दूसरों के इशारों पर, ईर्ष्या और बदले की भावना से ग्रस्त, प्रतिशोध की राजनीति तथा कुंठा से प्रेरित एवं अदूरदर्शी होते हैं। बांग्लादेश के मुहम्मद यूनुस इसके ज्वलंत उदाहरण हैं जो अपने अविवेकी निर्णयों से बांग्लादेश को बुरी तरह फंसाते जा रहे हैं।

भारत के प्रति दुराग्रह, पाकिस्तान से प्रगाढ़ता, चीन के सामने बिछते जाना, अमेरिका को आकर्षित करने का हर संभव प्रयास और रूस के साथ भी रिश्ते गाढ़े करने की कोशिशों के अलावा देश में पाकिस्तान परस्त पार्टियों को प्रश्रय देना, देश के सेक्युलर ढांचे को बदलने की तरफदारी के चलते यूनुस ने भू-राजनीतिक संबंधों, समीकरणों के अलावा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में बांग्लादेश के लिये मुसीबतें खड़ी कर दी हैं। यूनुस ने अत्यंत अल्पकाल में इतने ज्यादा नुकसानदायक फैसले



लिये हैं और आगे इसके और बढ़ते जाने की आशंका के मद्देनजर अब बांग्लादेश को जल्द ही चुनावों के जरिये उनसे निजात पा लेनी होगी।

चिंतन

जनवरी 2007 में शेख हसीना और खालिदा जिया दोनों जेल में थीं। बांग्लादेश की सत्ता पर सेना का कब्जा था। मोहम्मद यूनुस को तब देश में गरीब लोगों को कर्ज बांटने वाले ग्रामीण बैंक स्थापित करने, माइक्रोक्रेडिट को नई दिशा देने वाले व्यक्ति के तौर पर पहचान, प्रसिद्धि और नोबेल प्राइज मिल चुका था। सेना ने देश को चलाने के लिए उन्हें कार्यवाहक प्रधानमंत्री चुना पर वे यह जिम्मेदारी लेने से पीछे हट गए। पेशकश ठुकराने वाले यूनुस ने अगले महीने नागोरिक शक्ति नाम से एक राजनीतिक पार्टी लांच कर दी। शोर मचा कि इसके पीछे सेना का हाथ है। पार्टी के पोत के राजनीति के समंदर में अवतरण के महज 76 दिन बाद यूनुस ने पार्टी से किनारा कर लिया। खैर, 17 साल बाद मची राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान जब शेख हसीना देश छोड़कर भाग आईं तो अंतरिम सरकार चलाने की जिम्मेदारी मोहम्मद यूनुस ने स्वीकार ली। यह धारणा बन सकती है कि बीते 17 सालों में यूनुस ने सियासत के तमाम पाठ सीख लिये होंगे, अब उसे आजमाना चाहते होंगे लेकिन यह उम्मीद इसलिये निरर्थक है क्योंकि न तो यूनुस की पार्टी एक जिम्मेदार और बेहद सक्रिय विपक्षी दल के तौरपर सामने आयी और न ही यूनुस किसी तरह के प्रखर आंदोलनकारी नेता के तौरपर पहचाने गये। यहां तक कि उनकी छवि किसी राजनीतिक विचारक की भी नहीं बनी बल्कि उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार, कदाचार इत्यादि से संबंधित 100 से अधिक गंभीर आरोपों ने उनकी पुरानी छवि को किंचित धक्का ही लगाया। कुल मिलाकर पार्टी बनाने और चलाने के बावजूद यूनुस ने राजनीति का बस इतना ही गुर सीखा कि अपने वादों बयानों से कैसे मुकरा जाए, किस तरह कुर्सी पर बना रहा जाये और अपने ऊपर लगे आरोपों और मुकदमों से पद पर रहते कैसे मुक्त हुआ जाए।

उनके हालिया फैसलों और हरकतों से यह कतई नहीं लगता कि इसके अलावा भी उन्होंने राजनीति और कूटनीति का कोई खास सबक सीखा हो। मुहम्मद यूनुस यदि सामान्य सियासी समझ ही रखते तो बांग्लादेश को अस्तित्व में लाने वाले, उसे हर समय हर संभव मदद करने वाले पड़ोसी भारत जिसका उसके साथ रणनीतिक-सांस्कृतिक-व्यापारिक संबंधों का लंबा इतिहास है जो उसके आर्थिक और लोकतांत्रिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे चुका है, जिसके साथ उसका भविष्य साझा है, उस के साथ खुले आम महज शेख हसीना को पनाह देने की खुन्नस तथा पाक परस्त चरमपंथियों के दबाव में, सीधे पंगा लेने जैसी हास्यास्पद हिमाकत कभी न करते। सत्ता प्रमुख बनते ही अपनी सेना को पड़ोसी से सतर्क रहने को कहना, पाकिस्तान से गोला बारूद, सैन्य सहायता और प्रशिक्षण की बात करना, उत्तर पूर्व में अशांति को हवा देने का इशारा करना, जैसी कवायद जो उन्होंने शुरू की तो आज त्रिपुरा में जल संकट खड़ा करने, चिकेन नेक को निशाना बनाने से लेकर हिंदुओं पर हिंसक अत्याचार, देश के अल्प संख्यकों सुरक्षा पर अनर्गल बयान देने तथा मुर्शिदाबाद के दंगों में कथित हाथ तक जारी है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों और कूटनीति की सामान्य समझ रखने वाला कोई भी व्यक्ति इसे मानने में गुरेज नहीं करेगा कि भारत में नेबर फर्स्ट नीति, छोटे पड़ोसी देश होने और अपने पुराने रिश्तों की लाज रखते हुए कोई कठोर कदम नहीं उठाया। बांग्लादेश के कुल निर्यात में करीब 85 प्रतिशत और कुल जीडीपी में 13 प्रतिशत का योगदान देने वाली बांग्लादेश की गारमेंट इंडस्ट्री पर भारत के इस फैसले से कि वह अपनी जमीन से व्यापार की अनुमति नहीं देगा वाकई उसका भारी घाटा हुआ है, पर यह जरूरी था, तिस पर भी यदि यूनुस जरूरत से ज्यादा बेअंदाजी न दिखाते तो भारत सांसत सहकर भी इसे जारी रखता। आज बांग्लादेश के 40 लाख से अधिक लोगों का रोजगार संकट में है तो वह यूनुस की ऐसी नीतियों के कारण है। भारत को धता बताने के लिए यूनुस का अमेरिका की ओर झुकाव दूरगामी सोच वाली नहीं लगती। अमेरिका चीन और पाकिस्तान को संतुलित करने के चक्कर में बांग्लादेश में रुचि ले रहा है पर यूनुस यह आकलन नहीं कर पा रहे कि उनके इस कदम से भारत को लाभ ही होगा, अमेरिका से उसके रिश्ते पूर्ववत रहेंगे जबकि चीन का काउंटर करने के लिये पड़ोस में अमेरिका भी होगा।

बांग्लादेश रूस से भी रिश्ते बढ़ा रहा है, यूनुस यह नहीं समझ रहे कि एक साथ रूस, चीन अमेरिका और पाकिस्तान को साधना छोटे देश के लिए कठिन है। सबसे मजेदार है पाकिस्तान, बांग्लादेश संबंधों की बासी कढ़ी में उबाल देखना। पहले तो प्रेम प्रगाढ़ता प्रदर्शित की गई फिर कहा गया कि पाकिस्तान मुक्ति संग्राम के दौरान किए अपने अत्याचारों के लिए सार्वजनिक माफी मांगे, 1971 में जब दोनों देश एक ही थे, पाकिस्तान तब की संयुक्त संपत्ति से उसके हिस्से के 52 हजार करोड़ टका का भुगतान करने के अलावा 1970 में आए चक्रवात के समय मिली इमदाद का उसका हिस्सा करीब 2400 करोड़ टका अदा करे। बांग्लादेश में मुक्ति संग्राम की भयावह यादों वाली जिंदा पीढ़ी को लाखों मौत और बलात्कार के लिये एक माफी नाकाफी होगी और पाकिस्तान हजारों करोड़ टका इतनी आसानी से ढ़ीले नहीं करेगा। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार इसी हफ्ते बांग्लादेश पहुंचेंगे तो यूनुस के अव्यावहारिक मंसूबे कितने कामयाब होंगे पता चलेगा।

## सोशल मीडिया

कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं, उन लोगों के लिए संवेदना जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। मैं दुआ करता हूं कि घायल जल्द स्वस्थ हों। पीएम मोदी.



पहलगाम में आतंकी हमला अक्षम्य, निंदनीय और कार्यरतापूर्ण है, जिन लोगों ने इस दुखद घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। सीएम योगी.



बात गुजरात मॉडल की नाकामी की हो रही है, जो लोग सैकड़ों साल पुराना इतिहास खोदकर लाते हैं, उन्हें उनका एक –दो साल पुराना इतिहास याद दिलाने से बेचैनी क्यों हो रही। अखिलेश यादव.



# प्रभु का संदेश

अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

# रिश्ते बनते हैं, बिगड़ते हैं...

व्यंग्यलोक


दुनिया भर में बड़े-बड़े भूकम्पों और भूचालों के बीच बाबा तुम पूछ रहे हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है। रिश्ते बनते हैं, बिगड़ते हैं। कुछ रिश्ते खून के नहीं होते हैं और इसी कारण उनको नाम देना परेशानी का सबब बना रहता है। हालांकि जब तक रिश्ता बना रहता है तब तक उसमें चाश्नी से भी अधिक मिठास मिलती रहती है। जहां रिश्ते में खटास पड़ी की दूध से मक्खी की तरह नाता तोड़ देना पड़ता है। बिना रिश्ते के तो लिव इन रिलेशनशिप में भी रहना पड़ता है। इस रिश्ते को भी कोई नाम नहीं दिया जाता है क्योंकि समाज की मान्यता का ठप्पा नहीं लगा रहता है। लोग पूछते जरूर हैं कि ये रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन इसका जवाब वे भी खुलकर नहीं दे पाते हैं। कुछ कुछ ऐसा ही इस रिश्ते में भी रहता है। जाहिर सी बात है कि तुम भी यह सब जानते हो लेकिन बहुत भोले बन रहे हो। वैसे तुम इतने नादान हो नहीं। तुम्हारा तो ऐसे रिश्तों से शतकों से नाता रहा है। तुम्हें यदि नहीं मालूम है तो अपने घर के बड़े-बूढ़े, नाते-रिश्तेदारों, आस-पास वालों से ही पूछ लो। क्या तुम्हें नहीं मालूम कि ये रिश्ता क्या कहलाता है। क्या तुम्हारे कभी ऐसे कोई रिश्ते नहीं रहे। सच बताना और क्या तुम बता सकोगे कि तुम्हारे जो रिश्ते थे, उन्हें तुम कोई नाम दे पाए थे या फिर आज अगर मैं पुछूं तो क्या बता पाओगे कि तुम्हारा वह वाला रिश्ता क्या कहलाता था। और एक बात और बताओ कि क्या तुमने भी कोई रिश्ता बनाकर नहीं रखा है। हो सकता है कि तुम्हें रिश्ते के योग्य तब नहीं माना गया हो लेकिन तुम्हारे साथ कोई तो थे जिन्होंने रिश्ते बनाकर रखें थे। सभी को रिश्ते बनाने पड़ते हैं। नहीं भी चाहेंगे तब भी रिश्तेदारी बन जाती है और निभ भी जाती है।



डॉ. प्रदीप उपाध्याय

बिना रिश्ता बनाए आखिर कौन सर्वाइव कर पाता है। एक दूसरे का अस्तित्व ही इन अनाम से रिश्तों में छुपा रहता है। पतंग संग डोर भी तो जरूरी है। बिना पतंग डोर की कोई वैल्यू नहीं है और ठीक इसी तरह बिना डोर पतंग भी कैसे हवा में आकाश की ऊंचाई को छू सकती है। जानता हूं कि तुम्हें मालूम है कि ऐसे रिश्ते क्या कहलाते हैं लेकिन तुम्हारी भी तो मजबूरी है। वैसे तुम खुद ही बता सकते हो कि यह रिश्ता क्या कहलाता है, लेकिन तुम बताओगे नहीं और जिनके सामने यह राज उगलवाना चाहते हो, क्या वे नासमझ हैं। उन्हें नासमझ समझने की भूल मत करना बाबा और जो कर रहे हैं, उन्हें भी नहीं करना चाहिए। रिश्ते खंगाले जाते हैं। रिश्ते खंगालना जग की रीत है बाबू। सबका अपना समय आता है, रिश्ते बनते हैं और टूटते हैं। खून के रिश्तों की तरह ये अटूट तो होते नहीं। कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जिन्हें भले ही सामाजिक मान्यता न मिलें तब भी वे रिश्ते रिश्ते ही होते हैं। अब यह आप पर निर्भर करता है कि आप उस रिश्ते को क्या नाम देते हो!

# चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार है यमुनोत्री धाम



तीर्थयात्रा

आर.सी.शर्मा

भारत की सर्वाधिक पवित्र धार्मिक यात्रा 'चारधाम यात्रा' का पहला पड़ाव या इन धामों का प्रवेशद्वार यमनोत्री धाम है। गगनचुम्बी पहाड़ों के बीच स्थित यमनोत्रीधाम के चारों तरफ बेहद बेहद दिलकश नजारे मौजूद हैं। मनोहारी झरनों और चमत्कारिक सुरंगों के बीच से होकर जाने वाला यमुनोत्रीधाम का समूचा रास्ता धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व से ओतप्रोत है। महाभारत काल में जब पहली बार पांडवों ने चारधाम यात्रा की थी तो उन्होंने सबसे पहले यमुनोत्रीधाम की ही यात्रा की थी। देवभूमि उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में जमीन से 3293 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यमुनोत्री मंदिर का पहली बार निर्माण सन 1839 में टिहरी के राजा सुदर्शन शाह ने करवाया था। लेकिन बाद में आये भयानक भूकंप के कारण जब यह मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया, तो फिर इसे 20वीं शताब्दी में दूसरी बार जयपुर की महारानी गुलेरी देवी ने बनवाया। ग्रेनाइट पत्थरों से बने इस मंदिर के ऊपर एक पीले रंग का शंक्वाकार टावर है।

इस ऐतिहासिक मंदिर के आसपास कई ऐसे कुंड हैं जिनसे हर समय गर्म पानी बहता रहता है। इन कुंडों में सूर्य कुंड सर्वाधिक प्रसिद्ध है और यह अपने बेहद गर्म पानी के लिए जाना जाता है। कई लोग श्रद्धावश चावल और आलू को एक कपड़े की पोटली में बांधकर इस कुंड में पकाते हैं और फिर इन पकी हुई चीजों को प्रसाद के तौरपर अपने घर ले जाते हैं। शास्त्रों के मुताबिक सूर्य की पुत्री यमुना और पुत्र यमराज हैं। कहते हैं जब यमुना नदी के रूप में पृथ्वी पर बहने लगीं तो उनके भाई यमराज को भी मृत्युलोक भेज दिया गया। हालांकि हाल के भूस्खलन से यमनोत्रीधाम की अंतिम लगभग 6 किलोमीटर की यात्रा काफी कठिन हो गई है, लेकिन अगर आपने दिल मजबूत करके इसे खुद कर लिया या घोड़ों के सहारे ऊपर तक पहुंच गये, तो आपकी आगे की चारधाम यात्रा मानो सफल हो गई। यहां घोड़े और खच्चर बहुत आराम से मिल जाते हैं, जो आपको ढोकर ऊपर पहुंचाते हैं या आपके सामान को लादकर ऊपर चढ़ते हैं। हालांकि धीरे धीरे दुर्गम धार्मिकस्थलों तक पहुंचने के रास्ते को सुगम किया जा रहा है। यमुनोत्री का रास्ता काफी दुर्गम है। कहीं कहीं तो यह आपके धैर्य और साहस की परीक्षा लेता है। यमुनोत्रीधाम का महत्व मां यमुना के निवास के रूप में है। माना जाता है कि जो भी व्यक्ति अंतः के शुद्धभाव से इस धाम की यात्रा करता है, उसे आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का यह पहला पड़ाव कई बातों के लिए मशहूर है। सबसे पहले तो इसका धार्मिक व आध्यात्मिक महत्व बहुत है। माना जाता है कि जो व्यक्ति मां यमुना के उद्गमस्थल में स्नान करता है, उसकी सभी तरह की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां खत्म हो जाती हैं। यमुनोत्री मंदिर भक्ति का प्रतीक है। हिंदू पौराणिक ग्रंथों में

> मनोहारी झरनों और चमत्कारिक सुरंगों के बीच होकर जाने वाला यमुनोत्री धाम का समूचा रास्ता धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व से ओतप्रोत है।

यमुनोत्रीधाम का महत्व कई तरह से बताया गया है। तत्वपुराण में कहा गया है कि यमुना नदी के पवित्र उद्गम में स्नान करने से न केवल समूचे पाप से मुक्त हो जाते हैं बल्कि शरीर में एक नये तरह की ऊर्जा महसूस होती है, इसका अनुभव हर वह यात्री करता है, जो अपनी चारधाम की यात्रा के चलते इसके प्रवेशद्वार यमुनोत्री धाम पहुंचता है। यमुनोत्री जिस ग्लेशियर से निकलती है, उसे चंपासर कहते हैं। इस क्षेत्र में एक कुंड या झील मौजूद है, जिसे सप्तऋषि कुंड के नाम से जाना जाता है। यमुनोत्रीधाम में मां यमुना के देवी रूप की पूजा होती है। गढ़वाल हिमालय में स्थित यमुनोत्रीधाम में सबसे खास जगह बंदरपूछ पर्वत है, जिसके एक किनारे पर मां यमुनोत्री को समर्पित एक पुराना मंदिर मौजूद है, तो वहीं करीब 7 किलोमीटर दूर जानकीचट्टी में गर्म पानी के झरने हैं।

## विचार

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान होते हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।
–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।
–गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।
– हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।
–स्वामी विवेकानन्द.

## आपकी बात

### नक्सलवाद का खात्मा

हाल के वर्षों में नक्सलवाद पर कठोर प्रहार के कारण अब यह अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। जिस तरह सरकार नक्सलवाद का सफाया कर रही है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि वह दिन दूर नहीं जब भारत से नक्सलवाद अतीत की बात हो जायेगा। लेकिन कई जगहों पर अभी भी नक्सलवाद बड़ा खतरा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का कहना है कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा और इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। वैसे अब नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्म समर्पण कर रहे हैं। इससे यह भरोसा बढ़ा है कि एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी नहीं बचेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह घटना अत्यंत दुखद है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। रोड ओपनिंग पार्टी रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गये। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि 'रोड ओपनिंग पार्टी' इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे डि-फ्यूज, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही या अनदेखी कैसे हुई इसकी जांच-पड़ताल भी जरूरी है। दरअसल नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों पर अति सतर्कता की जरूरत है।

**धीरेन्द्र कुमार मिश्र, लखनऊ.**

### हरित ऊर्जा का विकल्प

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ ऊर्जा बहुत जरूरी है।

**मनोज कुमार द्विवेदी, लखनऊ.**




# लखनऊ ने दिल्ली को दिया 160 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : बडोनी ने 36 रन बनाये, लखनऊ ने 14वें ओवर में 2 विकेट गंवाये, ओवर की दूसरी बॉल मुकेश कुमार ने शॉर्ट पिच फेंकी

एजेंसी

लखनऊ। आईपीएल के 40वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 160 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। लखनऊ ने 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए। ऐडन मार्करम ने 52, मिचेल मार्श ने 45 और आयुष बडोनी ने 36 रन बनाए। दिल्ली से मुकेश कुमार ने 4 विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स ने 3.4 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 36 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक पोरेल और केएल राहुल पिच पर हैं। ऐडन मार्करम ने करुण नायर को बोल्ड किया। दिल्ली कैपिटल्स से अभिषेक पोरेल और करुण नायर ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने पहले ओवर में 15 रन बनाए। लखनऊ से शार्दूल ठाकुर ने यह ओवर फेंका। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्हें मुकेश कुमार ने आउट किया। इसी के साथ लखनऊ टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। 20वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बॉल मुकेश कुमार ने यॉर्कर फेंकी। आयुष बडोनी ऑफ स्टंप की ओर शफल कर शॉट खेलने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। बडोनी ने 36 रन बनाए। लखनऊ ने 14वें ओवर में



2 विकेट गंवाए। ओवर की दूसरी बॉल मुकेश कुमार ने शॉर्ट पिच फेंकी। अब्दुल समद ने सामने की ओर शॉट खेला, लेकिन मुकेश कुमार को ही कैच दे बैठे। वे 2 ही रन बना सके। मुकेश ने फिर ओवर की आखिरी गेंद यॉर्कर फेंकी और मिचेल मार्श को बोल्ड कर दिया। मार्श ने 45 रन बनाए। 12वें ओवर में लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की दूसरी बॉल मिचेल स्टार्क ने शॉर्ट पिच फेंकी। निकोलस पूरन पुल करने गए, लेकिन बॉल उनके बैट से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। पूरन ने 9 रन बनाए। 10वें ओवर में लखनऊ ने पहला विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बॉल दुष्मंथा चमीरा ने गुड लेंथ पर फेंकी, ऐडन मार्करम ने कवर्स की ओर शॉट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच हो गए। मार्करम ने 52 रन बनाए। उन्होंने मिचेल मार्श के साथ 87 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। ऐडन मार्करम ने 30 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 9वें ओवर की आखिरी गेंद पर मिचेल स्टार्क के खिलाफ 2 रन लिए और हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। लखनऊ से ऐडन मार्करम और मिचेल मार्श ने पावरप्ले में टीम का कोई विकेट नहीं गिरने दिया। दोनों ने 6 ओवर के बाद 51 रन बना लिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी लखनऊ सुपरजायंट्स ने पहले ओवर में 3 रन बनाए। टीम से ऐडन मार्करम और मिचेल मार्श पिच पर हैं। दिल्ली से अक्षर पटेल ने पहला ओवर फेंका। दिल्ली कैपिटल्स ने इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। टीम में एक बदलाव हुआ। मोहित शर्मा की जगह दुष्मंथा चमीरा को मौका मिला। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स ने अपनी प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया।

**नजमुल हुसैन शंटो का अर्धशतक, बांग्लादेश ने दूसरे पारी में चार विकेट पर 194 रन बनाए**

सिलहट (बांग्लादेश)। नजमुल हुसैन शंटो के नाबाद 60 रन की मदद से बांग्लादेश ने जिंबाब्वे के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित तीसरे दिन वापसी करते हुए दूसरी पारी में चार विकेट पर 194 रन बनाकर 112 रन की बढ़त हासिल की। ख रा ब रोशनी के कारण समय से पहले खेल रोके जाने तक शंटो 103 गेंद में सात चौके जड़ चुके थे। जाकिर अली 21 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। मैदान गीला होने के कारण पहले सत्र में एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 57 रन से की। इस समय टीम जिंबाब्वे के पहली पारी के स्कोर से 25 रन पीछे थी। मेजबान टीम हालांकि अपने कप्तान शंटो और मोमीनुल हक (47) की बदौलत वापसी करने में सफल रही।

# पेरू विश्व कप में तीसरे स्थान पर रहा भारत



लीमा (पेरू)। भारत यहां संपन्न हुई आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पृथ्वीराज टोंडिमान और प्रगति दुबे की भारतीय जोड़ी ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा के पदक दौर में पहुंचने में असफल रही।

सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत को अंतिम पदक दिलाया। इससे देश के पदकों की संख्या सात हो गई, जिसमें दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अमेरिका ने भी सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया लेकिन अधिक स्वर्ण पदक जीतने के कारण वह भारत से आगे दूसरे स्थान पर रहा। चीन चार स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। भारत के लिए असाधारण प्रदर्शन करने वाली 18 वर्षीय सुरुचि इंदर सिंह थी, जिन्होंने देश के लिए दोनों स्वर्ण जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर को पीछे छोड़कर स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल का मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी हासिल किया। सोमवार को ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में टोंडिमान और दुबे 134 का संयुक्त स्कोर बनाकर आठवें स्थान पर रहे। लक्ष्य और नीरू की अन्य भारतीय जोड़ी 128 के कुल स्कोर के साथ 13वें स्थान पर रही। केवल शीर्ष चार टीमें ही पदक दौर में पहुंची। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के सुल्तान सिंह युवा भारतीय निशानेबाजों के प्रदर्शन पर खुशी जताई। प्रेस विज्ञप्ति में सुल्तान सिंह के हवाले से कहा गया, यह एक युवा टीम थी और दुनिया के दूसरे कोने में प्रतिकूल परिस्थितियों में जाना, रेंज के अनुकूल होने और फिर भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अनुभव उनके लिए फायदेमंद होगा।

संक्षेप

## सिवाच एशियाई अंडर-15 व अंडर-17 के अगले दौर में

अम्मान (जॉर्डन)। भारतीय मुक्केबाज अमन सिवाच ने यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में किर्गिस्तान के अबुबकिर दुशीव पर कड़े संघर्ष में जीत हासिल की। पुरुषों के अंडर-17 के 63 किग्रा वर्ग में सिवाच ने महाद्वीपीय टूर्नामेंट के तीसरे दिन प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दुशीव को 4-1 से हराया। पहले दो दिनों में पुरुषों की अंडर-15 और अंडर-17 दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करके जीत हासिल की और अब सिवाच ने भी ठोस जीत हासिल करके भारत की उम्मीदों को मजबूती दी है। पुरुषों के अंडर-17 के 70 किग्रा भार वर्ग में अंशुल खासा हालांकि कजाकिस्तान के कुआनीश उरुंबसार से 0-5 से हार गए।

खेल योगासन एशियाई

## एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा दिल्ली

नयी दिल्ली। भारत 25 से 27 अप्रैल तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस चैंपियनशिप का आयोजन योगासन भारत द्वारा खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सहयोग से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 21 एशियाई देशों के कुल 170 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जबकि 40 तकनीकी अधिकारी और 30 टीम मैनेजर और कोच इसका हिस्सा होंगे। यह चैंपियनशिप चार आयु वर्ग 10 से 18, 18 से 28, 28 से 35 और 35 से 45 वर्ष में आयोजित की जाएगी। योगासन भारत के अध्यक्ष उदित सेठ ने मंगलवार को यहां प्रतियोगिता के लिए थीम सॉन्ग और शुभंकर के अनावरण के दौरान कहा यह योगासन खेल के लिए बड़ी उपलब्धि है क्योंकि हम भारत में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहे हैं और अपने खेल के लिए एक वैश्विक मंच स्थापित कर रहे हैं। भारतीय टीम को मेरी शुभकामनाएं क्योंकि यह ऐतिहासिक क्षण प्रतिस्पर्धी खेलों में जीवन भर गूंजता रहेगा। इस कार्यक्रम में एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी और विश्व योगासन के महासचिव जयदीप आर्य भी शामिल हुए।

## पांच महिला शतरंज खिलाड़ी फेलोशिप अनुदान के लिए चुनी गईं

हैदराबाद। अंतरराष्ट्रीय मास्टर वंतिका अग्रवाल और चार अन्य उभरती हुई शतरंज खिलाड़ियों को मंगलवार को 64 स्क्वेयर्स द्वारा एक करोड़ रुपये के फेलोशिप अनुदान के लिए चुना गया। यह कई संगठनों की एक संयुक्त पहल है जिसका उद्देश्य भारत में महिलाओं के खेल के कद को बढ़ावा देना है।

# शिवम दुबे ने उभरते हुए 10 खिलाड़ियों को सात लाख देने की घोषणा की

एजेंसी

चेन्नई। भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने युवाओं को प्रोत्साहित करने वाला कदम उठाते हुए मंगलवार को तमिलनाडु के 10 उभरते हुए खिलाड़ियों को 70-70 हजार रुपये देने का वादा किया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का प्रतिनिधित्व करने वाले दुबे ने यहां तमिलनाडु खेल पत्रकार संघ (टीएनएसजेए) के पुरस्कार और छात्रवृत्ति समारोह के दौरान यह दिल को छू लेने वाला फैसला लिया। दुबे को यह पुरस्कार टीएनएसजेए द्वारा दी जाने वाली 30,000 रुपये की छात्रवृत्ति के अतिरिक्त दिया गया।

दुबे ने समारोह के दौरान कहा, जब मैं टीम होटल से इस स्थान पर आ रहा था, तो डॉ. बाबा (टीएनसीए सचिव) ने मुझे बताया कि यह (कार्यक्रम) यहां के कुछ युवाओं की मदद करने का एक प्रयास है। ऐसे में यह कदम सभी युवा एथलीटों का हौसला बढ़ायेगा। इस कार्यक्रम में सीएसके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी काशी विश्वनाथन भी शामिल हुए। भारत की टी20 विश्व कप 2024 विजेता टीम का हिस्सा रहे इस क्रिकेटर ने कहा कि इस तरह के पुरस्कार भले ही छोटे हों लेकिन यह युवा एथलीटों को देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरणा का काम करेंगे। उन्होंने कहा, ये छोटी-छोटी चीजें उन्हें कड़ी मेहनत करने और देश को गौरवान्वित करने के लिए अतिरिक्त प्रेरणा प्रदान करती हैं।

मुझे अन्य राज्यों के बारे में पता नहीं है लेकिन मैंने मुंबई में ऐसी पहल देखी है। मैं निश्चित रूप से अन्य राज्यों को भी ऐसे कार्यक्रम शुरू करने के लिए कहूंगा। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रहे दुबे ने कहा, यह 30,000 रुपये एक छोटी राशि लग सकती है, लेकिन यह प्रोत्साहन के रूप में काम करती है। जब आप युवा होते हैं, तो हर पैसा और हर पुरस्कार वास्तव में मायने रखता है। जिन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया उनमें पीबी अभिनंद (टेबल टेनिस), केएस वेनिसा श्री (तीरंदाजी), मुथुमीना वेल्लासामी (पैरा एथलेटिक्स), शमीना रियाज (स्क्वॉश), जयंत आरके, एस नंदना (दोनों क्रिकेट), कमली पी (सर्फिंग), आर अबिनया, आरसी जितिन अर्जुनन (दोनों एथलेटिक्स), और ए तक्षनाथ (शतरंज) का नाम शामिल है।

## बुमराह विजडन के अग्रणी पुरुष क्रिकेटर, महिला वर्ग में मंधाना

नयी दिल्ली। भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को मंगलवार को विजडन क्रिकेट अलमैनेक के 2025 संस्करण में विश्व का अग्रणी पुरूष क्रिकेटर चुना गया जबकि महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को यह सम्मान मिला। दोनों भारतीय खिलाड़ियों को पिछले साल बेहतरीन प्रदर्शन के कारण यह सम्मान दिया गया है। इकतीस वर्ष के बुमराह ने 2024 सत्र में 14.92 की औसत से 71 टेस्ट विकेट लिये जो एक वर्ष में इस औसत से किसी गेंदबाज द्वारा लिये गए सर्वाधिक विकेट हैं।

वह 20 से कम की औसत से 200 विकेट लेने वाले पहले टेस्ट गेंदबाज हैं। आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में बुमराह ने 13.06 की औसत से 32 विकेट लिये। टी20 विश्व कप में उन्होंने 4.17 की इकॉनॉमी से 15 विकेट लिये और 2013 के बाद आईसीसी टूर्नामेंट में भारत की पहली खिताबी जीत में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे। महिला वर्ग में सीनियर बल्लेबाज स्मृति मंधाना को यह सम्मान मिला। 28 वर्ष की मंधाना ने 2024 में 1659 रन बनाये जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी महिला क्रिकेटर द्वारा एक कैलेंडर वर्ष में रिकॉर्ड है। इसमें चार वनडे शतक शामिल थे जो भी एक रिकॉर्ड है। मंधाना दो बार यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर भी बनी। वह 2018 में भी इस सम्मान के लिये चुनी जा चुकी हैं।

# 100वें टूर-स्तरीय में मैड्रिड ओपन में खेलेंगे जोकोविच

एजेंसी

मैड्रिड। पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच अपना 100वां टूर-स्तरीय खिताब हासिल करने की उम्मीद में तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलेंगे। जोकोविच को टूर्नामेंट में चौथी वरीयता दी गई है। उन्हें ड्रॉ के उसी आधे भाग में रखा गया है जिसमें स्थानीय खिलाड़ी और पिछले दो क्लेकोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले कार्लोस अल्कराज भी हैं। मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन 37 वर्षीय जोकोविच ने 2022 में सेमीफाइनल में अल्कराज से हारने के बाद इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था। जोकोविच ने अपना 99वां खिताब पिछले अगस्त में पेरिस ओलंपिक में जीता था। इसके बाद उन्हें चार टूर्नामेंट के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। इनमें पिछले महीने मियामी ओपन का फाइनल भी शामिल है।

जोकोविच अगर यहां चैंपियन बनते हैं तो वह टूर स्तर पर 100 खिताब जीतने वाले दुनिया के तीसरे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। अभी तक जिमी कॉनर्स (109) और रोजर फेडरर (103) ही यह कारनामा कर पाए हैं। जोकोविच ने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीता था। उन्होंने 2016 के फाइनल में अपने कोच एंडी मरे को हराया था। उन्हें इस बार अल्कराज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है जो 2022 और 2023 में यहां चैंपियन बने थे।



**बीएआई ने पूर्व खिलाड़ियों से विदेशी कोचों के मार्गदर्शन में कोचिंग कौशल को निखारने का आग्रह किया**

नयी दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) चाहता है कि पूर्व शीर्ष भारतीय खिलाड़ी विदेशी कोचों के मार्गदर्शन में अपने कोचिंग कौशल को निखारने के साथ जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करें और भारतीय खेल शैली को लुप्त होने से बचाने का भी प्रयास करें। बीएआई ने कोचिंग पद के लिए विज्ञापन दिया था और उसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी जिसमें 49 पूर्व खिलाड़ियों ने इस पद के लिए आवेदन किया था। बीएआई के मुख्य सचिव संजय मिश्रा ने यहां एक बातचीत में कहा, हमने उन शीर्ष खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं जो बीएआई और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के साथ कोचिंग में आना चाहते हैं। हमें 49 आवेदन मिले हैं, जिनमें से हमने 10-11 को चयनित किया है। सूची को स्वीकृति के लिए साइ के पास भेज दिया गया है। मिश्रा ने पारंपरिक भारतीय खेल शैली को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। उनका मानना है कि विदेशी कोचों के बढ़ते प्रभाव के कारण यह धीरे-धीरे लुप्त हो रही है। उन्होंने कहा, इस खेल की भारतीय शैली कुछ हद तक लुप्त हो रही है। प्रकाश (पादुकोण) सर ने ऑल इंग्लैंड जीतने के लिए प्रतिद्वंद्वी को चकमा देने का इस्तेमाल किया, (पुलेला) गोपीचंद ने जीतने के लिए नेट गेम खेला। विदेशी कोचों की देख-रेख में अब भारतीय खिलाड़ी अधिक शारीरिक खेल पर ध्यान दे रहे हैं जो इंडोनेशियाई या मलेशियाई शैली की तरह है। उन्होंने कहा, हमारा शरीर शायद इस तरह की शैली का समर्थन नहीं करता है। ऐसे में एक या दो गेम खेलने के बाद शरीर गति बनाये रखने में सक्षम नहीं रहता है। इसलिए ये भारतीय कोच विदेशी शैली सीखने के अलावा हमारी शैली को भी अपना सकते हैं, जिससे बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

# मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूंगी : कुजूर

एजेंसी



पर्थ। जेएसडब्ल्यू सूरमा क्लब की तरफ से खेलते हुए हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर राष्ट्रीय महिला टीम में जगह बनाने वाली युवा मिडफील्डर अजमीना कुजूर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में मौके का फायदा उठाने के लिए बेताब हैं। भारत को 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। इसके बाद उसे एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलने हैं।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार 23 साल की कुजूर ने ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर कहा, मैं उनकी शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे अब खेलने का मौका दिया है इसलिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दो साल पहले मैं सीनियर टीम के शिविर में थी, लेकिन तब मुझे टीम में जगह नहीं मिली थी। अब मुझे मौका दिया गया है और मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश करुंगी कि मैं इसका अधिक से अधिक फायदा उठाऊं। कुजूर ऑस्ट्रेलिया के दौरे से पहले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरू स्थित परिसर में सीनियर टीम के साथ अभ्यास कर रही थी। उन्होंने कहा, सीनियर खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करना शानदार अनुभव रहा। मैं उनसे बहुत कुछ सीख रही हूं और आगे उनके साथ खेलने के लिए उत्साहित हूं। सभी ने एक-दूसरे के साथ अभ्यास का आनंद लिया है और अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देने का समय आ गया है। कुजूर ने कहा सीनियर खिलाड़ी वास्तव में मददगार हैं, विशेषकर सुशीला दी (सुशीला चानू) जिन्होंने शिविर के दौरान मेरा बहुत समर्थन किया। जब भी मैं कोई गलती करती हूं तो वह मुझे बताती हैं।

उन्होंने मुझे सिखाया कि अपने मजबूत पक्ष के साथ कैसे खेलना है। उन्होंने कहा, जब भी मैं कोई गलती करती हूं तो उसके बारे में बहुत सोचने लग जाती हूं लेकिन सीनियर खिलाड़ियों ने इससे निपटने में मेरी बहुत मदद की और अब मैं अच्छे प्रदर्शन के प्रति आश्वस्त हूं। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले की रहने वाली कुजूर ने कहा, मैं अपनी फिटनेस पर अधिक ध्यान दे रही हूं, जिससे मुझे लगता है कि मुझे अपने खेल को बेहतर बनाने में मदद मिली है।

## सीसीआई बिलियर्ड्स में आडवाणी को शीर्ष वरीयता

मुंबई। कई बार के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और एशियाई खिताब विजेता ध्रुव सितवाला सहित कई प्रमुख क्यू खिलाड़ी (स्नूकर और बिलियर्ड्स) 28 अप्रैल से यहां शुरू होने वाले सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक में खेलते नजर आएंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 25 और 26 अप्रैल को क्वालीफाइंग दौर के साथ होगी जहां 48 दावेदार मुख्य ड्रॉ में 12 स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। मुख्य ड्रॉ में 12 क्वालीफायर 20 एलीट खिलाड़ियों के साथ जुड़ेंगे जो फिर लीग प्रारूप में खेलेंगे। इस 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट को थ्री-बॉल क्लासिक प्रारूप में खेला जाएगा। पूर्व यूरोपीय ओपन चैंपियन इंग्लैंड के मार्टिन गुडविल टूर्नामेंट में वरीयता प्राप्त करने वाले एकमात्र विदेशी खिलाड़ी हैं। गत चैंपियन आडवाणी को शीर्ष वरीयता मिली है जबकि सितवाला दूसरे वरीय हैं।

# सनराइजर्स का सामना जीत की राह पर लौटी मुंबई इंडियंस से

एजेंसी

हैदराबाद। खराब फॉर्म से जूझ रही सनराइजर्स हैदराबाद अपने घरेलू मैदान पर बुधवार को आईपीएल के मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा जबकि खोई लय हासिल करने की राह पर अग्रसर मुंबई जीत का सिलसिला कायम रखना चाहेगी। सात मैचों में दो जीत के बाद सनराइजर्स की स्थिति अच्छी नहीं है। उसके स्टार बल्लेबाजों ने उसे निराश किया जबकि गेंदबाज भी प्रभावित नहीं कर सके हैं। सनराइजर्स को धीमी और टर्निंग पिचों पर दिक्कतें आई है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम दो घरेलू मैच भी हार चुकी है। वानखेड़े स्टेडियम की पेचीदा पिच पर मुंबई ने उसे चार विकेट से हराया और इसी मैच में चुनौतीपूर्ण हालात के सामने उसकी कमजोरियों की कलई खुल गई।

सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने सपाट विकेटों पर अच्छा प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ अनुकूल पिच पर खेलने से उनके सामने खोई लय हासिल करने का सुनहरा मौका है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी का दारोमदार उसकी सलामी जोड़ी अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड पर होगा। पावरप्ले में उनका कामयाब रहना टीम के लिये बहुत जरूरी है। अभिषेक ने पंजाब किंग्स के खिलाफ यहां पिछले मैच में 55 गेंद में 141 रन बनाये थे जो इस आईपीएल में किसी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है। हेड के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव चिंता का सबब है। सनराइजर्स को अपने इस आस्ट्रेलियाई स्टार से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी क्योंकि इस मैच में हार से टीम की स्थिति खराब हो जायेगी। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सनराइजर्स ने 24 में से 10 मैच जीते और 14 गंवाये हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के लिये अपने मैदान से बाहर खुद को आजमाने का और लय बनाये रखने का यह सुनहरा मौका है। उसे रविवार को फिर अपने मैदान पर



लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेलना है। मुंबई लगातार तीन जीत के साथ आईपीएल में निराशाजनक शुरूआत से उबर रही है। पांच बार की चैम्पियन टीम ने बल्लेबाजों की मददगार विकेट पर चेन्नई सुपर किंग्स को नौ विकेट से हराया। मुंबई ने 180 के आसपास का लक्ष्य चार ओवर से अधिक बाकी रहते हासिल कर लिया। रोहित शर्मा नाबाद 76 रन बनाकर फॉर्म में लौटे जबकि सूर्यकुमार यादव ने 68 रन की नाबाद पारी खेली। तिलक वर्मा को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन वह बेहतरीन फॉर्म में हैं जबकि नमन धीर ने भी दर्शनीय पारियां खेली हैं। जसप्रीत बुमराह अपने चिर परिचित रंग में नहीं दिखे हैं। वह उतने विकेट नहीं ले पाये लेकिन लाइन और लैंग्थ हासिल कर ली है जो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के लिये चेतावनी हो सकती है। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

## केकेआर के बल्लेबाजों का आत्मविश्वास कम हुआ है : मेंटोर ब्रावो

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटोर (मार्गदर्शक) ड्वेन ब्रावो ने इस सत्र में आठ आईपीएल मैचों में फ्रेंचाइजी की पांचवीं हार के बाद स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों में आत्मविश्वास की कमी है लेकिन उन्होंने टीम की इस स्थिति के लिए ईडन गार्डन्स की बहुचर्चित पिच को दोष देने से इनकार कर दिया। केकेआर को सोमवार को यहां गुजरात टाइटंस के हाथों 39 रन से हार का सामना करना पड़ा। ब्रावो ने मैच के बाद मीडिया से बातचीत में ड्रेसिंग रूम के माहौल के बारे में बताते हुए कहा आईपीएल एक कड़ा टूर्नामेंट है और जब आप अच्छी शुरुआत नहीं करते हैं, तो आप जानते हैं कि बल्लेबाज ऐसे दौर में चले जाते हैं, जहां उनका आत्मविश्वास डिग जाता है। उन्होंने कहा, इस समय यही हो रहा है। इसलिए जैसा कि मैंने कहा, हमें बस उनका समर्थन करते रहना होगा और उम्मीद है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमारे बल्लेबाजों में अभी आत्मविश्वास की कमी है जिसके कारण वह रन नहीं बना पा रहे हैं। ब्रावो ने कहा अच्छी फॉर्म आत्मविश्वास लाती है। और ईमानदारी से कहें तो इस समय हमारे पास वह आत्मविश्वास नहीं है। ईडन गार्डन्स की पिच इस सत्र में सुर्खियों में रही है क्योंकि घरेलू टीम केकेआर को इससे मदद नहीं मिल रही है लेकिन ब्रावो ने पिच को दोष देने से परहेज किया। उन्होंने कहा, विकेट में कुछ भी गड़बड़ नहीं है। मैं यहां विकेट के बारे में बात करने नहीं आया हूं। मुझे लगता है कि दोनों टीमें एक ही विकेट पर खेलती हैं। हमने अच्छी क्रिकेट नहीं खेली। उन्होंने हमसे बेहतर खेल दिखाया।

# आलोचकों पर बरसे उपराष्ट्रपति धनखड़

## संवैधानिक प्राधिकारी के हर शब्द को बताया राष्ट्रहित से प्रेरित

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि संवैधानिक प्राधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द सर्वोच्च राष्ट्रहित से प्रेरित होता है। उन्होंने हाल में उच्चतम न्यायालय के आदेश को लेकर की गई अपनी टिप्पणी पर सवाल उठाने वाले आलोचकों पर निशाना साधा।



धनखड़ ने यह भी कहा कि देश के खिलाफ काम करने वाली ताकतों द्वारा संस्थाओं की आलोचना करने तथा उन्हें बर्बाद करने के प्रयासों को खत्म किया जाना चाहिए। संसद को सर्वोच्च बताते हुए धनखड़ ने कहा कि संविधान में संसद से ऊपर किसी प्राधिकार की कल्पना नहीं की गई है। संसद सर्वोच्च है... मैं आपको बता दूं कि यह उतना ही सर्वोच्च है जितना कि देश का प्रत्येक व्यक्ति। शीर्ष अदालत की एक पीठ ने हाल में राज्यपालों द्वारा रोक कर रखे गए विधेयकों पर राष्ट्रपति की मंजूरी के वास्ते उन पर फैसला लेने के लिए तीन महीने की समयसीमा तय की थी। न्यायालय के इस निर्देश पर प्रतिक्रिया देते हुए धनखड़ ने कहा था कि न्यायपालिका सुपर संसद की भूमिका नहीं निभा सकती और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं आ सकती। दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संवैधानिक पदाधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द राष्ट्र के सर्वोच्च हित से प्रेरित होता है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बात समझ में आती है कि कुछ लोगों ने हाल में यह विचार व्यक्त किया है कि संवैधानिक पद औपचारिक और रस्मी हो सकते हैं। इस देश में हर किसी की भूमिका-चाहे वह संवैधानिक पदाधिकारी हो या नागरिक - के बारे में गलत समझ से बढ़कर कोई भूल नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की अपनी भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा प्रत्येक नागरिक में बसती है और धड़कती है। लोकतंत्र फूलेगा-फलेगा। इसके मूल्य और ऊंचे उठेंगे। जब नागरिक सतर्क होगा तो नागरिक योगदान देगा और नागरिक जो योगदान देता है, उसका कोई विकल्प नहीं हो सकता। धनखड़ ने यह भी कहा कि संविधान में संसद से ऊपर किसी भी प्राधिकार की कल्पना नहीं की गई है। उन्होंने जोर देकर कहाकि संसद सर्वोच्च है। धनखड़ राज्यसभा के सभापति भी हैं। उन्होंने रेखांकित किया, हम लोग का हिस्सा लोकतंत्र में एक अणु हैं और उस अणु में परमाणु शक्ति है। वह परमाणु शक्ति चुनाव के दौरान परिलक्षित होती है और इसीलिए हम एक लोकतांत्रिक राष्ट्र हैं। राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित करने वाले हाल के उच्चतम न्यायालय के फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ ने पिछले शुक्रवार को कहा था कि भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे।

# ब्रिटेन के भारतीय मूल के सांसद नवेन्दु मिश्रा की लखनऊ में हुई शादी, जड़ों से गहरा जुड़ाव दिखा

लखनऊ। ब्रिटिश लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता और 2019 से ब्रिटेन के स्टॉकपोर्ट से लगातार दूसरी बार के सांसद भारतीय मूल के नवेन्दु मिश्रा (36) यहां मध्यप्रदेश की भोपाल निवासी गरिमा तिवारी के साथ परिणय सूत्र में बंध गये।



यहां सनातन परंपरा के अनुरूप विवाह की सभी रस्में निभायी गयीं और अपनी जड़ों से नवेन्दु मिश्रा का गहरा जुड़ाव दिखा। हल्दी-मेंहदी से लेकर हर रस्म को उन्होंने शिद्दत से निभाया और सबसे खास बात यह कि हर मौके पर वह अपने बड़े-बुजुर्गों और मेहमानों का पैर छूकर आशीर्वाद लेते देखे गये। ब्रिटेन की स्टॉकपोर्ट सीट से दूसरी बार सांसद चुने गए नवेन्दु मिश्रा का जन्म 1989 में कानपुर में हुआ था और गोरखपुर उनका ननिहाल है। नवेन्दु मिश्रा महज चार साल की उम्र में अपने माता-पिता के साथ ब्रिटेन चले गए थे और वहां पूरी तरह रचने-बसने के बाद भी वह अपनी मिट्टी से अलग नहीं हुए। जब भी मौका मिला, वह भारत आकर अपने परिजनों-रिश्तेदारों से मिलते रहे और शादी भी यहीं की। नवेन्दु मिश्रा के शादी समारोह में उनके पिता प्रभात मिश्रा और मां मीनू पांडेय मिश्रा के अलावा उनके मामा नीलेन्द्र पांडेय ने अहम भूमिका निभायी। वधू पक्ष से गरिमा के पिता हरेन्द्र तिवारी और माता विद्या तिवारी भी समारोह में सक्रिय रहीं। नवेन्दु मिश्रा ने कहा, हमें अपनी परंपरा पर गर्व है और उसी अनुरूप जीवन की यह पारी शुरू कर रहा हूं। मेरे माता-पिता ने हमेशा मिट्टी से जुड़े होने का संस्कार दिया और यह जीवन भर मेरे साथ रहेगा। नवेन्दु के मामा नीलेन्द्र पांडेय ने बताया कि लखनऊमें शहीद पथ पर 20 अप्रैल को अंसल गोल्फ सिटी स्थित एक होटल से नवेन्दु-गरिमा का विवाह समारोह संपन्न हुआ।

संक्षेप

## शिक्षक काम पर लौटें : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को प्रदर्शनकारी शिक्षकों से काम पर लौटने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनके वेतन का ध्यान रखेगी। उच्चतम न्यायालय के एक फैसले के बाद अपनी नौकरी गंवा चुके हजारों शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं। साल्ट लेक में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग मुख्यालय के बाहर मंगलवार को उनका प्रदर्शन जारी रहा। ममता बनर्जी ने कहा, आपको इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है कि कौन दागी है और कौन नहीं। आपको केवल इस बात की चिंता करने की जरूरत है कि क्या आपके पास नौकरी है या नहीं और क्या आपको समय पर वेतन मिल रहा है या नहीं। दागी और बेदाग शिक्षकों की पहचान करने वाली सूची सरकार और अदालतों के पास है। बनर्जी ने मिदनापुर में एक प्रशासनिक कार्यक्रम में कहा, हम आश्वासन देते हैं कि आपकी नौकरी अभी सुरक्षित है और आपको आपका वेतन मिलेगा। कृपया अपने स्कूलों में वापस जाएं और कक्षाएं फिर से शुरू करें। मैंने कल रात से कई बार इस बारे में बात की है। हम आपके साथ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौकरी गंवाने वाले ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों के लिए एक पुनर्विचार याचिका भी उच्चतम न्यायालय में दायर की जाएगी।

## बाघ अभयारण्य के बफर एरिया को विकसित करने की योजना मंजूर

भोपाल। मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद ने मंगलवार को राज्य में बाघ अभयारण्य के बफर एरिया को विकसित करने की योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। बाघ अभयारण्य के बफर एरिया का विकास नामक इस योजना में जंगली जानवरों की सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बफर एरिया में संवेदनशील स्थानों पर चेन लिंक फेंसिंग (जालीदार घेरा) के निर्माण का प्रस्ताव है। एक अधिकारी ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 से 2027-28 तक के लिए 145 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना को मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी।

# सऊदी अरब के एफ 15 विमानों ने पीएम मोदी को दी सुरक्षा

नयी दिल्ली। सऊदी अरब के एफ-15 लड़ाकू विमानों ने एक विशेष सम्मान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमान को मंगलवार को सुरक्षा प्रदान की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



मोदी सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्रालय ने मोदी के विमान को सुरक्षा प्रदान करते सऊदी जेट विमानों का एक वीडियो भी जारी किया। इस कदम को दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने मंगलवार को कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में भारत और सऊदी अरब का स्वाभाविक हित है तथा दोनों देशों के बीच बढ़ता रक्षा और सुरक्षा सहयोग गहरे आपसी विश्वास का प्रतिबिंब है। जेद्दा पहुंचने से पहले अरब न्यूज़ को दिए साक्षात्कार में मोदी ने सऊदी अरब को भारत के सबसे मूल्यवान साझेदारों में से एक, समुद्री पड़ोसी, विश्वसनीय मित्र और रणनीतिक सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि हम सऊदी अरब को क्षेत्र में सकारात्मकता और स्थिरता की शक्ति मानते हैं। समुद्री पड़ोसी होने के नाते, भारत और सऊदी अरब क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में स्वाभाविक रुचि रखते हैं। मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच बढ़ता रक्षा एवं सुरक्षा संबंध तथा सहयोग गहरे आपसी विश्वास का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता तथा हमारे विस्तारित पड़ोस में उभरती चुनौतियों से निपटने के हमारे पारस्परिक संकल्प का भी प्रमाण है। मंगलवार शाम को होने वाली वार्ता में मोदी और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के बीच रक्षा संबंधों को विस्तारित करने के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है।

# आतंक के खिलाफ देश एकजुट सरकार ठोस कदम उठाये: राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए मंगलवार को कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है और सरकार को इस केंद्रशासित प्रदेश में हालात सामान्य होने के खोखले दावे करने के बजाय ठोस कदम उठाने चाहिए।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार को सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए। पहलगाम में बैसरन नामक घास के मैदान पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 12 पर्यटक घायल हो गए। बैसरन एक ऐसा मैदान है, जहां केवल पैदल या खच्चरों की मदद से ही पहुंचा जा सकता है। राहुल गांधी ने कहा कि इस कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की ख़बर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए - ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं और निर्दोष भारतीय यूं अपनी जान न गंवाएं। खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। पूरा देश सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ़ एकजुट है। यह कायराना हमला मानवता पर एक धब्बा है। खबरों से पता चलता है कि कई अनमोल जानें चली गई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ओर से पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है और हम भारत सरकार से इसे सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह करते हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायराना आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक कृत्य है।

# गाजा में इजराइली हमलों में 14 की मौत

दीर अल बलाह। गाजा पट्टी पर इजराइली हमलों में कम से कम 14 फलस्तीनियों की मौत हो गयी, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे।



हमलों में मलबे को हटाने के लिए मध्यस्थों द्वारा भेजे गए बुलडोजर और अन्य भारी उपकरण भी नष्ट हो गए। मंगलवार को अलग-अलग हमलों में लेबनान में दो लोगों की मौत हो गई। हमास के खिलाफ इजराइल के 18 महीनों से जारी हमलों ने गाजा के बड़े इलाकों को नष्ट कर दिया, जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि इसका अधिकांश हिस्से शायद कभी फिर से न बनाये जा सकें। इस क्षेत्र में पहले से ही भारी उपकरणों की कमी थी और जो मशीने थी वे मलबे से लोगों को बाहर निकालने और महत्वपूर्ण सड़कों को साफ करने के लिए तैनात थीं। उत्तरी गाजा के जबालिया क्षेत्र में एक नगरपालिका के मुताबिक, नगरपालिका के पार्किंग क्षेत्र पर हमले में मिस्र और कतर द्वारा प्रदान किए गए नौ बुलडोजर नष्ट हो गए। मिस्र और कतर ने जनवरी में हुए युद्धविराम में मध्यस्थता करने में मदद की थी। इजराइल ने पिछले महीने युद्धविराम समाप्त कर दिया था और बमबारी व जमीनी अभियान और नाकाबंदी फिर से शुरू कर दी थी। सीमा पर नाकाबंदी से क्षेत्र के 20 लाख फलस्तीनियों को भोजन, ईंधन और चिकित्सा आपूर्ति सहित सभी जरूरी चीजों की किल्लत का सामना करना पड़ा। जबलिया अल-नजला नगरपालिका ने बताया कि हमलों ने सहायता समूहों द्वारा प्रदान किए गए एक पानी के टैंकर और एक मोबाइल जनरेटर को भी नष्ट कर दिया तथा हमले में सीवेज पंप के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक ट्रक भी नष्ट हो गया।

# एफबीआई निदेशक ने अमेरिका में आतंकी हरप्रीत की गिरफ्तारी पर कहा: होगा न्याय


न्यूयॉर्क। अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई के निदेशक काश पटेल ने आश्वस्त किया है गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरप्रीत सिंह की अमेरिका में गिरफ्तारी के बाद न्याय किया जाएगा।

सिंह उर्फ हैप्पी पासिया उर्फ जोरा को 18 अप्रैल को अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) और अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन के सैक्रामेंटो स्थित प्रवर्तन और निष्कासन अभियान द्वारा गिरफ्तार किया गया था। वह पंजाब में कई आतंकी हमलों के सिलसिले में वांछित है और उस पर पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी समूह बीकेआई के साथ सहयोग करने का आरोप है। भारतीय अमेरिकी पटेल ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह अमेरिका में अवैध रूप से गतिविधियां चला रहे एक कथित विदेशी आतंकवादी गिरोह का हिस्सा था। हमारा मानना है कि वह भारत और अमेरिका दोनों में पुलिस थानों पर कई हमलों की साजिश रचने में शामिल था। उन्होंने कहा कि एफबीआई सैक्रामेंटो ने स्थानीय और साथ ही भारत में हमारे भागीदारों के साथ समन्वय करके जांच की। सभी ने बेहतरीन काम किया है और न्याय किया जाएगा। एफबीआई हिंसा करने वालों की खोज जारी रखेगी।

इंटरटेनमेंट...

# 'सितारे जमीन पर' में आमिर का दिखेगा अलग अंदाज

मुंबई। आमिर खान जल्द ही फिल्म 'सितारे जमीन पर' नजर आएंगे। अपनी नई फिल्म में वो बिल्कुल ही नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। हाल ही में आमिर चीन बेस्ड फैन क्लब से वर्चुअली जुड़े थे। वहां उन्होंने इस फिल्म बारे में बात की। आमिर ने बताया, 'सितारे जमीन पर लगभग तैयार है। थीम के रूप में ये तारे जमीन से दस कदम आगे है। यह उन लोगों के बारे में है, जो अलग-अलग तरह से दिव्यांग हैं। यह प्यार, दोस्ती और लाइफ के बारे में है। 'तारे जमीन पर' ने आपको रुलाया था लेकिन यह फिल्म आपको हंसाएगी। यह एक कॉमेडी है लेकिन थीम वही है। आमिर ने अपने किरदार को लेकर भी महत्वपूर्ण खुलासा किए। एक्टर ने बताया- ह्यतारे जमीन पर में मैंने निकुंभ का रोल निभाया था, जो बहुत संवेदनशील व्यक्ति होता है। इस फिल्म में मेरे किरदार का नाम गुलशन है, लेकिन उसकी पर्सनैलिटी निकुंभ से बिल्कुल विपरीत है। वह बिल्कुल भी संवेदनशील नहीं है। वो रुड, राजनीतिक रूप से गलत और हर किसी का अपमान करता है। वह अपनी मां और पत्नी से लड़ता है। वह एक बास्केटबॉल कोच है और अपने सीनियर कोच की पिटाई करता है। गुलशन एक ऐसा व्यक्ति है, जिसके अंदर बहुत सारी समस्याएं हैं और फिल्म के साथ उसमें क्या बदलाव आते हैं, यह कहानी में दिखाया गया है। एक्टर ने फिल्म को लेकर बताया कि उनकी नई फिल्म स्पैनिश फिल्म 'चैंपियंस' की हिंदी रीमेक है। 'चैंपियंस' साल 2018 में आई थी, जिसमें स्पेन के एडरेस बास्केटबॉल टीम की रियल लाइफ पर आधारित थी। इस फिल्म का पहले हॉलीवुड में भी रीमेक बनाया गया था, जिसमें वुडी हैरेलसन ने कम्यूनिटी सर्विस करने वाले एक गुस्सैल कोच की मुख्य भूमिका निभाई थी। सितारे जमीन पर को आरएस प्रसन्ना डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में दर्शील सफारी और जेनेलिया देशमुख नजर आएंगी। दर्शील ने तारे जमीन पर में मुख्य भूमिका निभाई थी। बता दें कि तारे जमीन पर साल 2007 में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी एक डिस्लेक्सिक बच्चे और उसके आर्ट टीचर के रिश्ते पर आधारित थी। सितारे जमीन पर इसकी अगली कड़ी है, जिसकी घोषणा साल 2023 में की गई थी।



# बॉलीवुड स्टार्स का प्रॉपर्टी में बड़ा दांव

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर्स फिल्मों के साथ-साथ प्रॉपर्टी डील्स को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में अक्षय कुमार, आमिर खान और सैफ अली खान ने अपनी रियल एस्टेट डील्स से ध्यान खींचा है। आइए जानते हैं किस एक्टर ने कहां इन्वेस्ट किया और क्या रहा उनके फैसले के पीछे का कारण। बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार ने मुंबई के लोअर परेल इलाके में अपना एक ऑफिस स्पेस 8 करोड़ रुपए में बेच दिया है। यह ऑफिस उन्होंने साल 2020 में 4.85 करोड़ में खरीदा था। इस डील से अक्षय को करीब 3.15 करोड़ रुपए का फायदा हुआ, यानी करीब 65% का रिटर्न। यह ऑफिस स्पेस 'वन प्लेस लोढा' नाम की बिल्डिंग में है और इसका कारपेट एरिया 1,146 स्क्वायर फीट है। ट्रांजैक्शन का रजिस्ट्रेशन 16 अप्रैल, 2025 को हुआ।

# ऑस्कर विनर एमएम कीरवानी पर सिंगर के आरोप


मुंबई। साउथ के पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो पडुथा तीयागा में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुईं सिंगर प्रवास्ति आराध्या ने हाल ही में ऑस्कर विनर सिंगर एमएम कीरवानी और चंद्रबोस पर पक्षपात करने के आरोप लगाए हैं। साथ ही सिंगर ने रियलिटी शो के मेकर्स पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि मेकर्स जानबूझ कर उन पर ऐसे कपड़े पहनने का दबाव बनाते हैं, जिससे पेट दिखे। प्रवास्ति आराध्या ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर एमएम कीरवानी और चंद्रबोस पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वो उन्हीं कंटेस्टेंट्स को ज्यादा नंबर देते हैं, जो उनके गाए हुए गाने गाते हैं। सिंगर ने ये भी कहा कि जब उन्होंने एमएम कीरवानी को ये बताया कि वो शादियों में गाने गाती हैं, तो इस पर उनसे एमएम कीरवानी ने कहा कि वो ऐसे सिंगर्स को न सिर्फ नापसंद करते हैं बल्कि उनसे नफरत करते हैं।



# तृषा के साथ कमल का अनुचित मजाक हुआ वायरल

मुंबई। **कमल** हासन और तृषा कृष्णन अपनी आने वाली फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रमोशन में बिजी हैं। इस बीच प्रमोशन का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कमल हासन ने एक्ट्रेस के साथ कुछ ऐसा मजाक किया, जो इंटरनेट यूजर्स को रास नहीं आया। दरअसल, प्रमोशनल इवेंट में तृषा से उनकी पसंदीदा डिश के बारे में पूछा गया था। एक्ट्रेस अपनी पसंदीदा डिश के बारे में बात करते हुए कहती हैं, 'मुझे सब कुछ खाना पसंद है, लेकिन मुझे उबला हुआ केला ज्यादा पसंद है। इसे क्या कहते हैं?' एक्ट्रेस पजम पोरी डिश की बात कर रही थीं, जो एक तरह का केला फ्रिटर्स है। कुछ देर बाद कमल ने उन्हें याद दिलाया कि डिश का नाम क्या है। नाम दिलाने के बाद एक्टर ने मजाक में कुछ ऐसा कहा, जो डबल मीनिंग थी। वीडियो में दिखता है कि एक्टर के इस मजाक पर तृषा स्माइल करके रह जाती हैं। कुछ सेकंड बाद कमल भी उनके घुटने पर थपथपाकर दर्शाते हैं कि यह मजाक था। हालांकि, कमल हासन ने इस बात को मजाक में कहा था लेकिन इंटरनेट यूजर्स को उनका ये मजाक डबल मीनिंग लगा। द आकाशवाणी नाम के वेरिफाइंड एक्स अकाउंट से इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा- कल्पना कीजिए कि अगर किसी तेलुगु सीनियर हीरो ने यही टिप्पणी की होती तो कितना आक्रोश होता।






Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K